RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 205
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 17 नवम्बर, 2023

# द अचीवर टाइम्स




# आगर मालवा में सबसे कम तो अलीराजपुर में सबसे ज्यादा वोटिंग

# जानें ज्यादा महिला मतदाताओं वाले जिलों का हाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में शुक्रवार को सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 71.16 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही राज्य के चुनाव मैदान में उतरे सभी 2534 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। अब 3 दिसंबर को पता चलेगा कि जनता ने किसे चुना।




### राज्य में कैसा रहा मतदान?

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान खत्म हो गया है। शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ। इससे पहले तीन बजे तक 60.52 प्रतिशत मतदान हुआ था। सुबह 11 बजे तक राज्य में 27.62 फीसदी वोटिंग हुई। सुबह नौ बजे तक 11 फीदस मतदान हुआ था।

### किन जिलों में सबसे ज्यादा और कहां कम मतदान हुआ?

मध्यप्रदेश में सबसे अधिक आगर मालवा में 82 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं सबसे कम अलीराजपुर में 56.24% वोट पड़े। इसके अलावा प्रमुख क्षेत्रों की बात करें तो भोपाल में 59.19%, इंदौर में 64.95%, ग्वालियर में 61.64%, जबलपुर में 66.24%, रतलाम में 80.02% और उज्जैन जिले में 73.37% मतदान हुआ।

### ज्यादा महिला मतदाताओं वाले जिलों में क्या हुआ?

प्रदेश के 52 में से सात जिले ऐसे हैं जहां पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। डिंडोरी में जहां 2,56,182 पुरुष वोटर हैं तो वहीं महिला मतदाता 2,58,166 हैं। पिछली बार जिले में 79.49% मतदान हुआ था। यह आंकड़ा इस बार 78.30% रिकॉर्ड किया गया।

मंडला में 3,90,312 पुरुष और 4,00,672 महिला मतदाता हैं। 2018 में जिले में 78.77% वोट पड़े थे, जो अबकी बार 71.52% तक पहुंच गया।

बालाघाट में पुरुष मतदाता 6,66,537 और महिला मतदाता 6,78,232 हैं। यहां पिछली बार 81.27% वोट पड़े थे, जो इस बार 79.78 हो गया।

बड़वानी में 5,33,594 पुरुषों के मुकाबले 5,35,580 महिला मतदाता हैं। 2018 में यहां कुल मतदान 77.97% था, जो इस बार 70.36 हो गया।

अलीराजपुर में पुरुष मतदाता 2,80,880 और 2,85,347 महिला मतदाता हैं। पिछले चुनाव में यहां 60.69% लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इस बार अलीराजपुर में 56.24% मतदान दर्ज किया गया है।

झाबुआ में 4,29,850 पुरुषों के मुकाबले 4,34,553 महिला वोटर हैं। 2018 में यहां 77.10% लोगों ने वोट किया था, जो इस बार 73.10% पहुंच गया।

वहीं रतलाम में 5,49,361 पुरुष और 5,49,726 महिला मतदाता हैं। पिछली बार जिले में 82.77% मतदान हुआ था,जो इस बार 80.02 हो गया।

### 2018 में कैसा रहा था मतदान?

2018 में हुए विधानसभा चुनाव के लिए कुल 74.97% लोगों ने वोट डाले थे। इनमें से महिलाओं का वोट प्रतिशत 74.01%, जबकि पुरुषों का 75.84% था। पिछले चुनाव में दो सीटों बदनावर और सैलाना पर सबसे ज्यादा 89% वोट डाले गए थे। इसके बाद अमरवाड़ा में 87.61% लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा थांदला में 87.50% जबकि सौसर में 87.31% मतदान दर्ज किया था। पिछले चुनाव में सबसे कम मतदान की बात करें तो जोबट सीट पर महज 52.71% लोग ही वोट डालने पहुंचे थे। इसके बाद ग्वालियर पूर्व में 58.01%, भिंड में 58.57%, अम्बा में 59.01% और गोहद में 59.26% वोट डाले गए थे।

## क्षेत्रवार मतदान कहां-कैसा था?

क्षेत्रों के हिसाब से मतदान पर नजर डालें तो पिछली बार 38 विधानसभा सीटों वाले महाकौशल इलाके में सबसे ज्यादा 79.09% वोटिंग हुई थी। यहां कुल 74,55,116 मतदाताओं में से 52,30,938 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। ज्यादा मतदान के मामले में 77.79% वोटिंग के साथ 66 सीटों वाला मालवा-निमाड़ दूसरे स्थान पर रहा था। यहां 1,48,87,765 मतदाताओं में से 1,15,81,364 वोट देने मतदान केंद्रों तक पहुंचे थे। तीसरे स्थान पर रहे भोपाल-नर्मदापुरम इलाके में 77.28% लोगों ने वोट डाला था। 36 विधानसभा क्षेत्रों वाले इलाके में 79,90,307 मतदाताओं में से 61,74,945 ने अपना वोट डाला था। चौथे नंबर पर 26 सीटों वाला बुंदेलखंड क्षेत्र था। यहां के 54,43,758 मतदाताओं में से 39,67,596 यानी 72.88% लोगों ने पिछले चुनाव में वोट किया था। पांचवें पायदान पर 30 सीटों वाला विंध्य इलाका था, जहां 64,10,556 वोटरों में से 46,17,157 यानी 72.02% ने मतदान में भाग लिया था। वहीं सबसे कम ग्वालियर-चंबल में मतदान हुआ था। 34 विधायक भेजने वाले क्षेत्र में 74,55,116 मतदाताओं में से 52,30,938 ने वोट डाले थे, जिससे मतदान 70.17% रहा।

## एक नज़र

### कारोबारी के क्रेडिट कार्ड से यूके की वेबसाइट पर खर्च किए 200 डॉलर

**लखनऊ।** हजरतगंज इलाके में रविवार को एक व्यवसायी के क्रेडिट कार्ड से साइबर जालसाजों ने 200 डॉलर (16 हजार रुपये) यूके की एक वेबसाइट पर खर्च कर दिए। बैंक से फोन आने व ई मेल के जरिए पीड़ित की पत्नी को ठगी की जानकारी हुई। उन्होंने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी की पत्नी ने मंगलवार को हजरतगंज कोतवाली में तहरीर दी। इसमें बताया कि उनके पास आरबीएल कंपनी का वर्चुअली ऐड ऑन क्रेडिट कार्ड है। इसका मूल कार्ड उनके पति के पास है। उनका कहना है कि रविवार रात 12 बजे इस क्रेडिट कार्ड से साइबर जालसाजों ने यूके की ओनली फैंस नामक वेबसाइट पर इंटरनेशनल ट्रांजेक्शन कर 100 डॉलर का भुगतान कर लिया। पांच मिनट बाद एक बार फिर जालसाजों ने उसी वेबसाइट पर 100 डॉलर का दोबारा भुगतान किया।

## एक साल में ग्लोबल साउथ की दो समिट होना दुनिया के लिए बड़ा संदेश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहली वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में मैंने कुछ प्रतिबद्धताओं की बात की थी। मुझे खुशी है कि हमने उनमें से प्रत्येक पर प्रगति की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के दूसरे सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दूसरी वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के अंतिम सत्र में आप सबका हार्दिक स्वागत है। मुझे खुशी है कि आज पूरे दिन चली इस समिट में लैटिन अमेरिका और कैरेबियन देशों से लेकर अफ्रिका, एशिया और पैसेफिक आईलैंड से करीब 130 देशों ने भाग लिया है। एक साल के भीतर ग्लोबल साउथ की दो समिट होना और उसमें बड़ी संख्या में आप सभी का जुड़ना, दुनिया के लिए एक बहुत बड़ा मैसेज है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर ग्लोबल साउथ के दो समिट होना और उसमें आप सभी का जुड़ना अपने आप में दुनिया के लिए बहुत बड़ा संदेश है। ये संदेश है कि ग्लोबल साउथ अपनी स्वायत्तता चाहता है। ये संदेश है कि ग्लोबल साउथ वैश्विक मामलों में बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। आज इस समिट ने हमें एक बार फिर अपनी साझा अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर चर्चा करने का अवसर दिया है। भारत को गर्व है कि हमें जी20 जैसे महत्वपूर्ण मंच पर ग्लोबल साउथ की आवाज को एजेंडा पर रखने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहली वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में मैंने कुछ प्रतिबद्धताओं की बात की थी। मुझे खुशी है कि हमने उनमें से प्रत्येक पर प्रगति की है। आज सुबह ग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को लॉन्च किया गया। ये केंद्र विकासशील देशों के विकासात्मक मुद्दों से संबंधित अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस पहल के माध्यम से ग्लोबल साउथ में समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजा जाएगा।

## गरियाबंद में आईईडी धमाका, ITBP के जवान की गई जान

## नक्सलियों ने पोलिंग पार्टी को बनाया निशाना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बिंद्रानवागढ़ इलाके में शुक्रवार को एक पोलिंग पार्टी को नक्सलियों ने निशाना बनाया। नक्सलियों ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (ढ्ढश्वष्ठ) का इस्तेमाल कर विस्फोट किया। मतदान समाप्त होने के बाद पोलिंग पार्टी लौट रही थी तभी बिंद्रानवागढ़ में नक्सलियों ने उन्हें निशाना बनाया। छत्तीसगढ़ के बिंद्रानवागढ़ इलाके में शुक्रवार को एक पोलिंग पार्टी को नक्सलियों ने निशाना बनाया। नक्सलियों ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (ढ्ढश्वष्ठ) का इस्तेमाल कर विस्फोट किया। मतदान समाप्त होने के बाद पोलिंग पार्टी लौट रही थी तभी बिंद्रानवागढ़ में नक्सलियों ने उन्हें निशाना बनाया। गरियाबंद में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में एक आईटीबीपी जवान की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान हो रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बड़े गोबरा गांव के पास उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मियों की सुरक्षा में एक मतदान दल मतदान कराकर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने एक विस्फोट किया जिसमें आईटीबीपी का एक जवान शहीद हो गया, जिसकी पहचान हेड कांस्टेबल जोगिंदर सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। छत्तीसगढ़ चुनाव के दूसरे चरण के लिए शुक्रवार को राज्य की कुल 90 में से 70 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ। पहले चरण का चुनाव 7 नवंबर को हुआ था। चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। यह बात छत्तीसगढ़ के धमतरी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा कम तीव्रता वाले दो आईईडी विस्फोटों के एक दिन बाद सामने आई है। ये विस्फोट सिहावा में खल्लारी-गातापुर रोड पर तब हुए जब सुरक्षाकर्मी शुक्रवार को होने वाले मतदान से पहले माइनिंग हटाने के काम पर निकले थे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। समाचार एजेंसी पीटीआई ने एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि बाद में सुरक्षाकर्मियों ने इलाके से 5 किलोग्राम का इम्प्रोवाइज्ड विस्फोटक उपकरण जब्त किया। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान में 19 जिलों की 70 विधानसभा सीटों के लिए 958 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य में शुक्रवार को दूसरे चरण के मतदान में शाम पांच बजे तक 67.34 प्रतिशत मतदान हुआ।

## शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का जताया विरोध

### पूरे प्रदेश के सभी बीईओ कार्यालय में देंगे धरना



एजेंसी

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग ने हाल ही में शिक्षकों, छात्रों व कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। कुछ जिलों में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ ने इसका विरोध किया है। साथ ही यह आदेश वापस न लेने पर एक दिसंबर को प्रदेश के सभी 824 बीईओ ऑफिस पर धरना देने की घोषणा की। इसी दिन जिला व प्रदेश स्तर के आंदोलन की घोषणा की जाएगी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी, महामंत्री नरेश कौशिक ने शुक्रवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद को ज्ञापन देकर आदेश को निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह उचित और व्यावहारिक नहीं है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि प्रेरणा एप के संबंध में तीन सितंबर 2019 को तत्कालीन बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी की अध्यक्षता में संगठन के साथ बैठक हुई थी। इसमें संघ एप की कमियों के बारे में बताया था। साथ ही प्रेरणा एप को पर्सनल मोबाइल में डाउनलोड करने से इन्कार किया था। बैठक में बेसिक शिक्षा मंत्री व विभागीय अधिकारियों ने संगठन को आश्वस्त किया था कि प्रेरणा एप से बेसिक शिक्षकों की उपस्थिति नहीं ली जाएगी। मगर चार साल बाद शासन उस निर्णय से मुकर कर फिर इसी एप के जरिए शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने का आदेश जारी किया है। इसके खिलाफ शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शिक्षकों की पदोन्नति, वेतनमान की विसंगति, परस्पर तबादला प्रक्रिया, कैसलेश चिकित्सा सुविधा का लाभ जैसी मांग भी विभाग ने आज तक पूरी नहीं की है। शासनादेश के विरुद्ध शिक्षकों से मिड डे मील बनवाया जा रहा है। उनसे गैर शैक्षणिक कार्य लिया जा रहा है। शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि नहीं की जा रही है।

## हरियाणा सरकार को हाईकोर्ट से बड़ा झटका

### प्रदेशवासियों को निजी नौकरी में 75 फीसदी आरक्षण का कानून रद्द




एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की नौकरियों में प्रदेश के निवासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण के कानून को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि निजी क्षेत्र में योग्यता और कौशल के अनुसार लोगों का चयन किया जाता है। अगर नियोक्ताओं से कर्मचारी को चुनने का अधिकार ले लिया जाएगा तो उद्योग कैसे आगे बढ़ सकेंगे। हरियाणा सरकार का 75 प्रतिशत आरक्षण का फैसला योग्य लोगों के साथ अन्याय है। यह कानून उन युवाओं के सांविधानिक अधिकारों का हनन है जो अपनी शिक्षा और योग्यता के आधार पर भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी करने को स्वतंत्र हैं। याची ने कहा कि यह कानून योग्यता के बदले रिहायश के आधार पर निजी क्षेत्र में नौकरी पाने की पद्धति को शुरू करने का प्रयास है। ऐसा हुआ तो हरियाणा में निजी क्षेत्र में रोजगार को लेकर अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। यह कानून निजी क्षेत्र के विकास को भी बाधित करेगा और इसके कारण राज्य से उद्योग पलायन भी आरंभ कर सकते हैं। याची ने कहा कि यह कानून वास्तविक तौर पर कौशलयुक्त युवाओं के अधिकारों का हनन है। 75 फीसदी नौकरियां आरक्षित करने के लिए 2 मार्च, 2021 को लागू अधिनियम और 6 नवंबर, 2021 की अधिसूचना संविधान, संप्रभुता के प्रावधानों के खिलाफ है। रोजगार अधिनियम 2020 को सिरे से खारिज करने की याचिका में मांग की गई थी।

### 2020 में बना था कानून

हरियाणा सरकार ने स्टेट एंप्लॉयमेंट ऑफ लोकल कैंडिडेट एक्ट 2020 बनाया था। इसमें 75 फीसदी आरक्षण का प्रावधान था। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने इस कानून के खिलाफ दाखिल इन सभी याचिकाओं को सही करार देते हुए हरियाणा सरकार के इस कानून को सिरे से खारिज करते हुए इसे रद्द करने का आदेश दिया है। इससे पहले हाईकोर्ट ने इस कानून पर अब तक रोक लगा दी थी।

## पुरानी पेंशन पर कांग्रेस की धड़ाधड़ गारंटी

## सियासी जोखिम से घबरा नहीं रही बीजेपी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को धड़ाधड़ अपनी चुनावी गारंटी की सूची में शामिल कर रही है। हालांकि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सरकारी कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन लागू कर दी थी। मध्यप्रदेश में इस मुद्दे को चुनावी गारंटी में शामिल किया गया है। राजस्थान की चुनावी गारंटी में भी ओपीएस को जगह मिल गई है। कांग्रेस ने गारंटी दी है कि राजस्थान में दूसरी बार सरकार बनते ही कर्मचारियों के लिए ओपीएस को कानून के जरिए पक्का कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, तो वेट नहीं, वोट कीजिए और पोस्टल बैलेट से ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लॉक कीजिए। केंद्र और राज्यों के सरकारी कर्मचारी संगठनों के नेता भी कह चुके हैं कि ओपीएस का विरोध कर भाजपा, सियासत में एक बड़ा जोखिम ले रही है। दूसरी तरफ भाजपा, इस जोखिम से चिंतित नजर नहीं आ रही। कर्मचारी नेता बताते हैं कि इसके पीछे एक अहम वजह एनपीएस का पैसा है। वही पैसा जो पेंशन फंड एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी (पीएफआरडीए) में जमा है। यह केंद्र सरकार के नियंत्रण में है। केंद्र की मर्जी के बिना, एनपीएस का पैसा राज्यों को नहीं दिया जा सकता। केंद्र सरकार, इसे देने से साफ इनकार कर चुकी है। यानी ओपीएस के मुद्दे पर बॉल अभी केंद्र के पाले में ही है।

### पीएफारडीएएट में संशोधन के लिएहुईरैली

पुरानी पेंशन बहाली के लिए तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों ने चेतावनी रैली आयोजित की थी। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले आयोजित हुई इस रैली में ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित करीब 50 कर्मचारी संगठनों ने हिस्सा लिया था। कर्मियों का कहना था कि केंद्र सरकार को ओपीएस सहित दूसरी मांगों पर सकारात्मक विचार करना होगा। अगर केंद्र सरकार, एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली जैसी अन्य मागें नहीं मानती है तो कर्मचारी, अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा कठोर कदम भी उठा सकते हैं। कर्मियों की मुख्य मांगों में पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन करना या उसे पूरी तरह खत्म करना भी शामिल था। रामलीला मैदान में इस बाबत पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। उन पर लिखा था कि सरकार, पीएफआरडीए और एफएसईटीओ को वापस ले। कर्मचारी संगठनों के नेताओं का कहना था कि जब तक इस एक्ट को खत्म नहीं किया जाता, तब तक विभिन्न राज्यों में लागू हो रही ओपीएस की राह मुश्किल ही बनी रहेगी। वजह, एनपीएस के तहत कर्मियों का जो पैसा कटता है, वह पीएफआरडीए के पास जमा है। केंद्र सरकार, कह चुकी है कि वह पैसा राज्यों को नहीं लौटाया जाएगा। ऐसे में जहां भी ओपीएस लागू हो रहा है, वहां पर सरकार बदलते ही दोबारा से एनपीएस लागू किया जा सकता है। ऐसे में राज्यों द्वारा की जा रही ओपीएस बहाली में कई पेंच फंसे रहेंगे। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भी ओपीएस लागू करने का वादा किया था।

### इसलिए बॉल, केंद्र के पाले में है

कर्मचारी नेताओं का कहना है कि भले ही राजस्थान या किसी दूसरे राज्य में ओपीएस लागू हो गई है। अब कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस को कानून के जरिए पक्का करने की गारंटी दे दी है। इससे यह मामला खत्म नहीं हो जाता। राज्य में बिल पास होने से क्या होगा। दूसरी सरकार आने पर वह बिल रद्द भी हो सकता है। उस कानून में कोई बदलाव हो सकता है। बिना केंद्र की सहमति या हस्तक्षेप के, एनपीएस का पैसा राज्यों को नहीं मिल सकता। ऐसे में राज्यों के कानून का कोई फायदा नहीं होगा। केंद्र सरकार पहले ही एनपीएस का पैसा लौटाने से मना कर चुकी है। जब तक पीएफआरडीए एक्ट को खत्म नहीं किया जाता, तब तक विभिन्न राज्यों में लागू हो रही ओपीएस की राह मुश्किल ही बनी रहेगी। यही वजह है कि भाजपा, इस मुद्दे को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। जो राज्य बाद में ओपीएस लागू कर रहे हैं, उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना ही पड़ेगा।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक को घर में खींच कर मारा पीटा

## मछरेहटा पुलिस तीन दिन से बन्द युवक पर नहीं की करवाही

❖ मछरेहटा पुलिस ने बंद युवक के मामा से 50 हजार रुपए मांगे।

द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी



**मछरेहटा-सीतापुर।** थाना मछरेहटा क्षेत्र के एक गांव का एक प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। मछरेहटा पुलिस तीन दिनों से युवक को थाने में बिठाया है घायल युवक का न तो मेडिकल कराया गया और न ही किसी प्रकार की विधिक कार्यवाही की गई ।इन्ही परिस्थितियों में पुलिस सन्दिग्ध लग रही है परिजनों ने बताया कि इस मामले में युवक को छोड़ने के लिए पचास हजार रुपये की पुलिस द्वारा मांग की गई ।बताते चले कि मछरेहटा क्षेत्र के एक गांव में बुद्धवार को थाना मानपुर क्षेत्र के एक गांव का लड़का अपने ननिहाल भैयादूज में आया था ।उसका ननिहाल के पड़ोसी एक युवती से करीब 6 माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था ।जब वह लड़का अपने मामा की छत पर बैठा फोन पर बात कर रहा था उसी समय मिली हुई विपक्षी की छत से आधा दर्जन लोग लड़के को नीचे अपने घर के अंदर खींच ले गए और युवक को बहुत बुरी तरह से मारा पीटा व उसका मोबाइल व तीन हजार पांच सौ रुपये विपक्षी जनों ने छीन लिए तथा युवक को पकड़ कर अपनी मोटरसाइकिल से थाने पर ले आये और चले गए ।थाना मछरेहटा में युवती के बाबा होमगार्ड के पद पर तैनात है ।इसी का फायदा विपक्षी गण तीन दिनों से उठा रहे है ब्रहस्पतिवार को सुबह होते ही युवक की माँ सविता मिश्रा व मामा जनों ने थाने पर जाकर एक लिखित तहरीर विपक्षी गणों के विरुद्ध मारपीट की दी तो उसको मछरेहटा थाने में पुलिस द्वारा काफी भला बुरा कहकर थाने से युवक की माँ व मामा जनों को थाने से भगा दिया और कहा कि यह जेल जाएगा इस घटना को हुए तीन दिन बीत चुके है पुलिस ने किसी भी प्रकार की विधिक कार्यवाही किसी पक्ष पर नही की है जबकि यह मामला प्रेम प्रसंग का है जिसके सभी साक्ष्य युवक के परिजनों के पास उपलब्ध है ।वही परिजनों ने जब मीडिया से बताया मीडिया ने इस सम्बंध में जब मछरेहटा पुलिस से सम्पर्क करना चाहा तो पुलिस ने यह कहकर टाल दिया कि ऐसा कोई मामला ही थाने में नही है और पत्रकारों के लिए शख्त पहरा थाने के अंदर प्रवेश के लिए पुलिस ने व्यवस्था की ।वही पीड़ित के मामा ने बताया कि एक दरोगा व दो सिपाहियों के द्वारा युवक को छोड़ने के लिए पचास हजार रुपये की मांग की गई है जबकि विधि के अनुसार यह कानून है कि 24 घण्टे से अधिक किसी को थाने में न हिरासत में रखा जाए ।वही इस मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मामले कि जानकारी मिली है मैं मामला देखता हूँ ।फिलहाल खबर लिखते समय तक कोई कार्यवाही नही हो पाई थी।

## अधूरे अभिलेखों पर जताई नाराजगी, पटल सहायक का वेतन रोका

**संडीला।** मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक कार्यालय के निरीक्षण में स्थापना पटल के अभिलेख अधूरे मिलने पर नाराजगी जाहिर की। अभिलेख पूर्ण होने तक पटल सहायक के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी। सीडीओ सौम्या गुरूरानी ने शुक्रवार को यहां निरीक्षण के दौरान के ब्लॉक सभागार के सुदृढ़ीकरण व सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। सर्विस बुक, जीपीएफ रजिस्टर आदि अधूरे मिलने पर पटल सहायक मो. दानिश रहमान का वेतन रोक दिया। बीडीओ को निष्प्रयोज सामग्री की नीलामी के निर्देश दिए। बेगमगंज गांव में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र ( आरआरसी ) का निरीक्षण किया। यहां पर पौधरोपण भी किया। ग्राम विकास अधिकारी संजय कुमार से मशीनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रेरणा कैंटीन, प्रशासनिक भवन, एनआरएलएम कार्यालय, मनरेगा सेल, आवास पटल, लेखाकार पटल आदि का निरीक्षण किया। डिप्टी कलेक्टर प्रेरणा गौतम, बीडीओ धर्मेश चंद पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित गुप्ता, एपीओ राजू गौतम, सरिस मिश्रा ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भावलखेड़ा ग्राम पंचायत जलालपुर गुर्री में पीएम आवास में चल रहा भ्रष्टाचार का खुला खेल को लेकर नायक टाइगर फोर्स ने खंड विकास अधिकारी को सूचना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

द अचीवर टाइम्स फसाद खान



**शाहजहांपुर।** ब्लॉक भावलखेड़ा इस टाइम काफी दिनों से सुर्खियों में चल रही है आपको बता दें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीब प्रति लाभार्थियों से आवास आने से पहले ही पांच हजार की ग्राम प्रधान द्वारा वसूला गया था इसके बाद पहली किस्त में कुछ लाभार्थियों से बीस हजार और और कुछ लाभार्थियों से तीस हजार पति आवास बनवाने का आवाज तरीके से लाभार्थियों से धन उगाई के संबंध में ग्राम प्रधान व संबंधित अधिकारियों के संबंध में कई माह सूचना मिलने पर ननायक टाइगर फोर्स ने गांव जाकर निरीक्षण किया तो निरीक्षण के दौरान कई लाभार्थियों ने तीस हजार रुपए वसूली को लेकर वीडियो पुरी घटना को बताया है और कुछ लाभार्थियों ने बताया कि हमारा पहला किस्त ग्राम प्रधान पति मिथुन ने पूरा ले लिया जिससे हमारा आवास के नाम पर 8 माह बाद भी एक ईट नहीं लग पाई है कैसे बनेगा में आवास और कुछ लाभार्थियों ने बताया कि हमारे पहले किस्त आया था जिसमें ग्राम प्रधान ने दस हजार ले लिया था उसके बाद हमारा सात हजार रुपए आया सत्तर हजार रुपए पूरा मिथुन ने ले लिया और कहा कि हम अपनी मर्जी से आपको लेकिन प्रधान पति ने चार महा बीत जाने के बाद भी?1 का सामान नहीं दिया और ना ही पैसा वापस कर रहे हैं पीएम आवास में ग्राम पंचायत में बड़ा घोटाला हुआ है भारी सख्या में और पात्र के आपत्र किया गया और अपात्र को पत्र कर आवास स्वीकृत कराकर मोटी रकम वसूली की इसी मामले को लेकर नायक टाइगर फोर्स में संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा को सूचना पत्र देखकर कार्रवाई की मांग की।

# एक नज़र

## चोरों ने जेवर-नगदी समेत लाखों का सामान उड़ाया


द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया



**काकोरी।** कठिगरा मे चोरो ने एक घर में धावा बोलकर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। घर पर दो लोग ही रहते थे पति और पत्नी रूबी भैयादूज मे अपने मायके गई हुई कमल किशोर टैक्टर चलाने गया था चोर कमरे में रखी अलमारी बक्सों से नगदी व जेवरात समेत अन्य सामान ले गए। सुबह जब घर पर कमल किशोर का भतीजा भैस को चारा करने गया तो देखा घर का ताला टूटा हुआ था सामान बिखरा देखकर घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। काकोरी के कठिगरा निवासी कमल किशोर पुत्र महावीर टैक्टर चलाने गया था पत्नी रूबी मायके गई हुई थी , घर मे कोई नहीं था इसी का फायदा उठाकर चोर देर रात मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए । सामने घर मे कैमरा लगा हुआ है कैमरा मे देखा गया दो लोग आये ताला तोड़ा एक अंदर चाला गया एक बाहर ही दरवाजे के पास बैठे देखता रहा चोर सीधे एक कमरे में गए और वहां रखी अलमारी ताले तोड़कर उसमें रखे जेवरात व नगदी समेत अन्य जरूरी सामान चुरा ले गए। कमल किशोर ने बताया कि चोर घर से अलमारी व बक्सों में रखे 35 हजार रुपये जेवरात, जिनमें सोने के हार, जंजीर, एक जोड़ी झुमकी, पैल एक मंगलसूत्र समेत घर में रखा अन्य जरूरी सामान चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने पुलिस को घर में हुई चोरी की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ संपन्न





द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**उन्नाव।** विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के उम्मेदखेड़ा (बंधवा) में हनुमान मंदिर पर भव्य श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम 15 नवंबर दिन बुधवार से चल रहा है। कथा व्यास के रूप में पधारे कथा वाचक पंडित नीरज तिवारी जी महाराज वा सहयोगी गोपाल त्रिवेदी पावा द्वारा कथा सुनाई जा रही है। कथा के दूसरे दिन नीरज तिवारी ने मनुष्य के जीवन में तीन चीजों को धारण करने के लिए कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि प्रत्येक दशा में भगवान की कृपा का दर्शन करना, प्रारंभ को अच्छी तरह से भोगना क्योंकि प्रारंभ ही किए गए कर्मों का फल होता है, हम जैसा कर्म करते हैं वैसा ही फल मिलता है और जिस तरह का कर्म करेंगे उसी तरह से भविष्य में उसका फल प्राप्त होगा. उन्होंने कहा भगवान को प्रतिदिन प्रणाम करना जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए हितकर है। भागवत शब्द इतना गूढ़ और रहस्यमयी शब्द है कि इसके उच्चारण मात्र से भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और त्याग का स्मरण हो जाता है संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में आर्गन मास्टर अशोक कुमार, नाल वादक कैलाश मास्टर, झांकी कलाकार मोहित त्रिवेदी, नीरज रशिया, शालू डांसर सहित अन्य संगीतकारों ने लीला का मंचन कर संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। मंदिर के पुजारी सहित क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर आरती में सम्मिलित हुए. कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान कर रहे भैयालाल साउंड सिस्टम, बउवन, रवि राजपूत, सहित सभी ग्राम वासियों के सहयोग से कार्यक्रम कराया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर आसपास के समस्त ग्रामीण जनों में खुशी का माहौल है एवं कथा सुनने के लिए आसपास के गांव से तमाम लोग उपस्थित हुए।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई हॉट कुक्ड मील के संबंध में बैठक

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में हॉट कुक्ड मील योजना के प्रभावी अनुश्रवण के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत बच्चों को मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। भोजन पकाने में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही प्रयोग किया जाए। खाना पकाने के उपरान्त बर्तनों को ढक्कन से ढका जाए। आवश्यक बर्तनों की खरीद जल्द सुनिश्चित की जाए। खाना पकाने के स्थान पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। खाद्यान्न का उठान ससमय कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी व सीडीपीओ 5 केन्द्रों का प्रतिमाह निरीक्षण करें। पोषण ट्रैकर ऐप पर ससमय फीडिंग कार्य कराया जाए। स्वास्थ्य एवं पोषण मेलों का आयोजन प्रत्येक 6 माह में कराया जाए। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा, कार्यक्रम विभाग के संबंधित अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# हर हालत में अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा : प्रवीण सिंह

## अपराधियों को शरण देने वालों पर भी होगी सख्त कार्रवाई: इंस्पेक्टर

द अचीवर टाइम्स निर्मल सैनी



**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के काकोरी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह अपनी सरल एवं सौम्य स्वभाव के चलते हमेशा क्षेत्र की जनता के दिलों में राज करते हैं,तो वहीं अपराधी इनका नाम सुनते ही कांप उठते हैं। आपको बता दें कि शुक्रवार को काकोरी थाने के तेज तर्रार प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह ने खास बातचीत में बताया कि थाना क्षेत्र में अपराधियों पर कड़ा शिकंजा कसा जाएगा। पीड़ितों की समस्याओं का निराकरण करना काकोरी पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि काकोरी पुलिस प्रत्येक स्थिति में क्षेत्र वासियों को उचित सुरक्षा और कानूनी सहायता दिलाने प्रयासरत रहेगा।साथ ही यह भी कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता की सुरक्षा प्राथमिकता में है। सभी समस्याओं को शीघ्र निस्तारित किया जाएगा। निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाएगा। पुलिस के प्रति धारणा हमेशा की तरह अच्छे कामों की बदौलत सकारात्मक की जाती रहेंगी।पुलिस आम जनता के हित के लिए बनी है। उसी के अनुसार काम होना चाहिए।अगर थाने से इसमें ढिलाई मिलती है तो उस पर भी कार्रवाई होगी। अपराधियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा और निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाएगा। आम जनता में भी पुलिस के प्रति अच्छी धारणा रहे, अपने क्षेत्र की किसी भी संदिग्ध गतिविधि को आम जन पुलिस से साझा कर सकें,जिससे पुलिस समय रहते उस पर कार्यवाही कर सके।।

## यातायात पुलिस ने सड़क हादसों की रोकथाम व जागरूकता को लेकर वाहन चालकों को बांटे पंपलेट



द अचीवर टाइम्स प्रशांत अवस्थी

**लखनऊ।** पुलिस उपायुक्त यातायात ह्रदेश कुमार के नेतृत्व में टी आई राधेश्याम सिंह के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा यातायात माह के अंतर्गत शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। वाहनद्ध चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।और उन्हें पंपलेट देकर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा सप्ताह के बारे में बताया गया। ठंड के मौसम में बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति सभी को जागरूक किया गया। कहा गया कि इस मौसम में गाड़ी चलाने समय सतर्कता बरतें, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। दुर्घटनाओं में काफी जान सिर्फ चालक की लापरवाही के कारण चली जाती है। इसलिए सभी लोग वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें, जिससे हादसों को कम किया जा सकता है।

## कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं: जय देवी

### सरल स्वभाव की विधायिका जय देवी



द अचीवर टाइम्स निर्मल सैनी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की मलिहाबाद विधानसभा की विधायिका जय देवी अपने सरल एवं सौम्य स्वभाव की वजह से चर्चा में रहती हैं। आपको बता दें कि एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि विधायिका जय देवी अपने दुबग्गा के बेगरिया स्थित आवास पर आए हुए फरियादियों को नाश्ता करवाते हुए नजर आ रही हैं।जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जय देवी शांत एवं सरल स्वभाव की हैं।विधायिका जय देवी के मुताबिक कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होते हैं। किसी भी दल की सफलता में कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में कार्यकर्ताओं का सम्मान करना गौरव का विषय है।कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता का सम्मान करना ही हमारा कर्तव्य है।

## नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षक अभ्यर्थियों ने किया बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव

द अचीवर टाइम्स/निर्मल सैनी निखिल मिश्रा








**लखनऊ।** उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की तरफ से लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। शुक्रवार को 6800 अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव करने पहुंच गए।बड़ी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा मंत्री के आवास पर जमकर नारेबाजी करनी शुरू कर दी। मंत्री के आवास का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थी अपने हाथों में बैनर-पोस्टर भी लिये हुए थे। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया।इस दौरान अभ्यर्थियों को हटाने के दौरान हुई धक्का मुक्की,वहीं पुलिस और अभ्यर्थियों के बीच में मंत्री से मुलाकात को लेकर जमकर नोकझोंक चलती रही।जिसके बाद पुलिस ने जबरदस्ती सभी अभ्यर्थियों को बसों में भरकर इको गार्डन पहुंचा दिया।अभ्यर्थियों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने 2022 में ही नियुक्ति पत्र देने का आश्वासन दिया था। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि बेसिक शिक्षा विभाग से इस मामले को लेकर कई बार वार्ता हो चुकी है, लेकिन अभी तक 6800 अभ्यर्थी जो गलत आरक्षण के कारण नियुक्ति पाने से वंचित रह गए थे, उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है, जबकि 2022 चुनाव के दौरान योगी सरकार ने नियुक्ति देने का आश्वासन भी दिया था। हंगामा कर रहे अभ्यर्थियों का कहना था कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में 6800 सीटों की मांग को लेकर शिक्षक भर्ती के ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों ने घेराव किया है।

## सर्वर न होने से परेशान हुए उपभोक्ता, नहीं जमा हुए बिल

**हरदोई।** दो दिन से सर्वर न होने से बिजली बिल जमा नहीं हो पा रहे हैं। उपभोक्ता काउंटर पर लाइन लगाते हैं लेकिन काफी देर तक जब सर्वर नहीं आता तो वापस लौट जाते हैं। लोगों ने इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताई है। कहा कि रोजाना कई घंटे इसी में बर्बाद हो जाते हैं। नौकरीपेशा और व्यापारी इस समस्या से खासे परेशान हैं। शहर के बिजली उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा करने के लिए तीन स्थान पर जमा काउंटर बने हुए हैं। इनमें विद्युत वितरण खंड द्वितीय कार्यालय, उपखंड कार्यालय सदर, उपखंड कार्यालय कोयल बाग कालोनी शामिल हैं। इन काउंटर पर सर्वर न होने के कारण दो दिन से बिजली बिल जमा नहीं हो पा रहे हैं। उपभोक्ता बिल जमा किए बिना ही लौट रहे हैं। हाल यह है कि बिल जमा करने के लिए उपभोक्ता एक काउंटर से दूसरे काउंटर के चक्कर काट रहे हैं, मगर उनकी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है।

# विद्यार्थी एवं स्मार्टफोन सोशल मीडिया का प्रयोग, सार्थकता, दुष्प्रभाव एवं बचाव विषय पर कार्यशाला मुख्य अतिथि सौम्या अग्रवाल, आयुक्त, बरेली मंडल, बरेली की अध्यक्षता में संपन्न हुई

द अचीवर टाइम्स फसाद खान



**शाहजहांपुर।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई प्रेक्षागृह में विद्यार्थी एवं स्मार्टफोन सोसलमीडिया का प्रयोग सार्थकता दुष्प्रभाव एवं बचाव विषय पर कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बच्चों ने सौम्या अग्रवाल को बुके देकर सम्मानित किया। ऑडिटोरियम में उपस्थित छात्रों तथा उनके अभिभावकों को स्मार्टफोन के अधिक उपयोग करने से होने वाली हानि के विषय में जानकारी दी गई। ऑडिटोरियम में उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों तथा मनोचिकित्सकों द्वारा इस संबंध में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि अभिभावकों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल के अतिशय उपयोग के दुष्परिणामों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शहर को सेफ सिटी बनाने में यह एक महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होंने कहा कि इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस परिचर्चा को जमीनी स्तर पर उतारने की आवश्यकता है। पुलिस महानिदेशक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली डॉ राकेश सिंह ने कहां की हमें मोबाइल तथा इंटरनेट के सदुपयोग पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे चैट जी पी टी इत्यादि के कारण बच्चों में क्रिएटिविटी समाप्त होती जा रही है, शिक्षकों तथा अभिभावकों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कहा की बच्चों पर मोबाइल तथा इंटरनेट के गंभीर नकारात्मक प्रभाव पडते हैं। डीएम ने कहा कि अत्यधिक इंटरनेट के इस्तेमाल के कारण बच्चों में मौलिक विचारशीलता खत्म हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी इस संबंध में अनुशासित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि काम के प्रति ईमानदार व्यक्ति कभी किसी लत का शिकार हो ही नहीं सकता। पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर अशोक कुमार मीणा ने कहा कि हमें मोबाइल तथा इंटरनेट के दोनों पहलुओं पर विचार करना चाहिए। एक तरफ जहां इसके दुष्परिणाम है तो दूसरी तरफ इसका उपयोग कई सकारात्मक कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने प्रिडिक्टिव साइकोलॉजी तथा साइबर बुलिंग जैसी गंभीर समस्याओं पर चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने कार्यशाला का संक्षिप्त परिचय दिया। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों को सोशल मीडिया के एडिक्शन से बचाने की जरूरत है। सोशल मीडिया तथा मोबाइल उपयोग के एडिक्शन के दूरगामी परिणामों की भी चर्चा उन्होंने की। इससे बचाव के उपाय के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा कि घर में डिवाइस डाइवर्सिटी तथा जीवन में एक्टिविटी डाइवर्सिटी को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में या संभव नही की मोबाइल तथा इंटरनेट के उपयोग को बिल्कुल बंद कर दिया जाए, हमें चाहिए कि टाइम बाउंड तरीके से इनका उपयोग करें। इस संबंध में डॉक्टर अभिषेक चक्रधर तथा डॉक्टर पूनम यादव ने भी अपने सुझाव दिए। डॉ पूनम यादव ने बच्चों को सामाजिक स्किल सीखने की हिदायत दी। डॉ अभिषेक चक्रधर ने मस्तिष्क के रिवॉर्ड सिस्टम के विषय में बताया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार मस्तिष्क में स्रावित होने वाले डोपामिन से सोशल मीडिया तथा मोबाइल उपयोग करने की लत पड़ जाती है। इस विषय पर ऑडिटोरियम में एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला समाप्त होने के उपरांत आयुक्त महोदया ने वन यू पी, वन कार्ड योजना के तहत इलेक्ट्रिक बस के स्मार्ट मोबिलिटी कार्ड का वितरण किया। उन्होंने कुछ स्कूली बच्चों को लैपटॉप का भी वितरण किया। इसके पश्चात आयुक्त महोदया तथा समस्त अधिकारियों ने ऑडिटोरियम से लेकर रिलायंस गेस्ट हाउस तक का सफर इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर तय किया।

# क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड का दूसरी तिमाही में राजस्व 38 प्रतिशत बढ़ा

**नामकरण**

**बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने दी कंपनी का नाम बदलकर क्रेसंडा रेलवे सॉल्यूशंस लिमिटेड करने की मंजूरी**

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** अत्याधुनिक आईटी, डिजिटल मीडिया और रेलवे कंसीयज सेवा प्रदाता कंपनी क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही के लिए उत्कृष्ट परिणाम की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही में परिचालन से 19.49 करोड़ रूपये का राजस्व दर्ज किया है, जो वित्त वर्ष 2024 के पहली तिमाही में 14.13 करोड़ रूपये के राजस्व की तुलना में तिमाही-दर-तिमाही 38 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024 के पहली तिमाही में 12 लाख रूपये की तुलना में कई गुना बढ़कर 5.1 करोड रूपये हो गया है। बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स की बैठक में निदेशक मंडल ने कंपनी का नाम ÷क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड÷ से बदलकर ÷क्रेसंडा रेलवे सॉल्यूशंस लिमिटेड÷ करने की मंजूरी दे दी है जो अनुमोदन के आधीन रहेगा। रणनीतिक रोडमैप और नए नाम के साथ परिचालन और वित्तीय मैट्रिक्स में सुधार, मध्यम से लंबी अवधि में कंपनी के लिए गेम चेंजर होगा। वित्त वर्ष 2023 के पूरे वर्ष के लिए कंपनी ने रु. 6.08 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2024 के दूसरी तिमाही में ही शुद्ध लाभ बढ़कर रु. 5.1 करोड़ हो गया है। कंपनी ने हाल के दिनों में कंपनी के विकास और भविष्य के रोडमैप के लिए कई रणनीतिक पहल की हैं। जिसके तहत कंपनी ने हाल ही में 9 नवंबर, को एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी क्रेसंडा रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (डब्ल्युओएस) को बनाया गया। इसके साथ ही कंपनी ने ईएमयू ट्रेनों में विज्ञापन के प्रावधान और जिसका प्राथमिक रखरखाव पूर्वी रेलवे द्वारा किया जाता है वह रेक के साथ संचालित मेल, एक्सप्रेस और प्रीमियम ट्रेनों में विज्ञापन के साथ-साथ कंसीयज सेवाओं के प्रावधान के लिए पूर्वी रेलवे, रेल मंत्रालय द्वारा मंगाई गई बोली हासिल की है। कंपनी ने 27 सितंबर, 2023 को मास्टरमाइंड एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है। क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड 1985 में स्थापित और बीएसई पर सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध एक प्रमुख भारत-आधारित कंपनी है, जो भारतीय रेलवे के भीतर प्रतिष्ठित परियोजनाओं के लिए अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), डिजिटल मीडिया और आईटी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने में माहिर है। पिछले वर्ष में, महत्वपूर्ण अधिग्रहणों के परिणामस्वरूप, क्रेसंडा सॉल्यूशंस ने अपने क्षितिज का विस्तार किया है और अपने अभिनव दृष्टिकोण के साथ कॉर्पोरेट परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की स्थिति में है। इसके अलावा, कंपनी ने कई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों की स्थापना करके अपने प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए कदम उठाए हैं। कंपनी ने हाल ही में अरुण कुमार त्यागी को संयुक्त प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशक, चंद्र प्रकाश शर्मा को कंपनी के स्वतंत्र निदेशक और अध्यक्ष, विजय सोलंकी को मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) और गैर-कार्यकारी निदेशक और राजकुमार दिनेश मसलिया को इसके निदेशक मंडल में कार्यकारी निदेशक के रूप में शामिल करने की घोषणा की है जो 7 अगस्त, 2023 से प्रभावी हो गये है। चार नए निदेशकों को शामिल करने के साथ, क्रेसंडा सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अपने प्रौद्योगिकी पोर्टफोलियो के नवाचार, विस्तार और निर्बाध एकीकरण के उद्देश्य से एक रोमांचक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की है। जून 2023 के महीने में, कंपनी ने कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और कंपनी की विस्तार योजनाओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए अपना रु. 49.30 करोड़ का राइट्स इश्यू पूरा कर लिया है।

## समितियों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई शुरू

**लखनऊ।** दो सहकारी समितियों से खाद गायब होने के मामले की जांच शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को साधन सहकारी समिति सिंदुरवा और दखिनगांव की समिति पर खाद नहीं होने से सन्नाटा पसरा रहा। इधर, दोनों समितियों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जगदीशपुर के सिंदुरवा और बाजारशुकुल के दखिनगांव साधन सहकारी समिति पर कृषि व राजस्व विभाग की तरफ से जांच की गई थी। जिसमें 702 बोरी खाद गायब मिली थी। मामले में सहायक आयुक्त सहकारिता मित्रसेन वर्मा ने साधन सहकारी समिति दखिनगांव के सचिव जितेंद्र शुक्ला और सिंदुरवा के सचिव आशुतोष श्रीवास्तव के खिलाफ अलग-अलग थानों में आवश्यक वस्तु अधिनियम का मुकदमा दर्ज कराया था। जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह ने बताया कि दोनों समितियों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। बृहस्पतिवार को साधन सहकारी समिति सिंदुरवा पर धान क्रय केंद्र प्रभारी शहेरयार ने बताया कि सचिव आए थे, कहीं गए हैं।

# सिडबी ने एमएसएमई की सहायता के लिए टीडीबी के साथ हाथ मिलाया



संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास हेतु कार्यरत शीर्षतम वित्तीय संस्था है। सिडबी ने ऐसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास और इसके व्यावसायिक अनुप्रयोग का प्रयास कर रहे हैं या व्यापक घरेलू अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं। समझौता ज्ञापन का निष्पादन सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक श्री राहुल प्रियदर्शी और टीडीबी के निदेशक श्री राजेश जैन द्वारा किया गया। यह समझौता ज्ञापन टीडीबी और सिडबी के नियमों और शर्तों के अनुसार पात्र एमएसएमई को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए टीडीबी और सिडबी द्वारा की गई एक संयुक्त पहल है। टीडीबी के साथ आरंभ की गई इस व्यवस्था के विषय में बोलते हुए सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक श्री राहुल प्रियदर्शी ने कहा, सिडबी की प्राथमिकता एमएसएमई पारितंत्र को मजबूत करने और भारत सरकार की मेक इन इंडिया की विचारधारा को साकार करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने पर है। भारत के एमएसएमई के वित्तपोषण के साझा-दृष्टिकोण के साथ, सिडबी और टीडीबी की इस संयुक्त व्यवस्था के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों में दक्षता प्राप्त/विशेषज्ञता प्राप्त एमएसएमई इकाइयों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# एक नज़र

## गोदाम में लगी आग, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जले

**लखनऊ।** बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहा स्थित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के एक गोदाम में बुधवार रात आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मी दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके लेकिन तब तक पांच लाख रुपये के उपकरण जल गए। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। लखनऊ के नगराम कस्बा निवासी मोहम्मद जुबैर की मुख्य चौराहे पर बस अड्डा के सामने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का गोदाम है। जुबैर अपने शोरूम से टीवी, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन आदि बेचते हैं। बुधवार रात करीब 10.30 बजे जुबैर दुकान और गोदाम बंद करके घर चले गए। रात लगभग 11 बजे उन्हें गोदाम से आग लगने की सूचना मिली। हादसे की जानकारी होते ही आसपास के लोगों ने स्थानीय पुलिस तथा दमकल केंद्र को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर दमकल और पुलिस कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। इससे पहले गोदाम में रखे कूलर, टीवी, फ्रिज, एसी समेत अन्य उपकरण जल चुके थे। जुबैर के मुताबिक हादसे में करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। कोतवाल बृजेश कुमार राय ने बताया कि हादसे की जांच कराई जा रही है।

## कक्षा पांच की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर निकाह का बनाया दबाव, नौ नवंबर से लापता थी बच्ची

**लखनऊ।** आरोपियों छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद निकाह का दबाव बनाया था। आरोपियों पर गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। लखनऊ के चिनहट में कक्षा पांच की छात्रा के साथ चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया फिर उसे बेसुध हालत में छोड़कर चारों भाग गए। दो दिन बाद पीड़िता ने घरवालों को पूरी घटना बताई तब उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई। मुख्य दो आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दो अज्ञात आरोपियों के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। चिनहट निवासी नाबालिग छात्रा के परिजनों के मुताबिक नौ नवंबर की शाम को अचानक वह लापता हो गई थी। रात 11 बजे पुलिस को सूचना देने के साथ ही परिवार के लोग उसकी खोजबीन करते रहे। तभी छात्रा गोयला तालाब के पास मिल गई। वह दहशत में थी इसलिए तब वह कुछ बता नहीं सकी। दो दिन बाद छात्रा ने बताया कि अमराई गांव निवासी इस्माइल और जावेद उसे बहलाकर ले गए थे। जंगल में उनके दो दोस्त भी आ गए थे। आरोप है कि चारों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस्माइल ने कहा कि वह उसके साथ निकाह कर ले। फिर वह उसे लेकर हैदराबाद चलेगा। चीखने चिल्लाने पर आरोपी वहां से भाग गए थे। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि मामले में गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इस्माइल व जावेद को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य अज्ञात आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस की जांच में सामने आया कि इस्माइल से छात्रा की जान पहचान थी। इसलिए वह उसके साथ चली गई थी। छात्रा के मुताबिक आरोपियों ने धमकी दी थी कि अगर परिवार वालों व पुलिस को कुछ बताया तो दोबारा से यही हाल करेंगे। इसलिए वह सहमी थी। उधर ये भी पता चला कि इस्माइल से उसकी बातचीत होती थी। जिसको लेकर एक-दिन पहले छात्रा की मां ने उसे डांटा भी था।

## 450 सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे होगी शहर की निगरानी

**लखनऊ।** शहर की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके लिए पुलिस ने प्रमुख चौराहों के साथ अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर 450 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों का इंतजाम स्थानीय लोगों के सहयोग से किया गया है। सदर कोतवाली में जल्द ही कंट्रोल रूम खोला जाएगा। उससे सभी सीसीटीवी कैमरों को जोड़कर निगरानी की व्यवस्था शुरू की जाएगी। पुलिस का मानना है कि सीसीटीवी कैमरों से अपराधियों पर नजर रखने में आसानी होगी। लूट, चोरी जैसी घटनाएं होने पर अभियुक्तों की तलाश करने में सहूलियत होगी। अभी तक कोई वारदात होने पर पुलिस अभियुक्तों का सुराग तलाशने के लिए लोगों के घर व प्रतिष्ठान पर लगे कैमरों की मदद लेती थी। इस कार्रवाई में समय लगता है। शहर के सारस चौराहा, सिविल लाइंस, बरगद चौराहा, मामा चौराहा, त्रिपुला, जहानाबाद, कहारों का अड्डा, सुपर मार्केट, जेल रोड, राजघाट, लालगंज तिराहा, बस स्टेशन, जिला अस्पताल चौराहा, कचहरी, रामकृपाल तिराहा, पुलिस लाइंस, डिग्री कॉलेज चौराहा, सिविल लाइंस, रामकृपाल, कैपरगंज, घंटाघर आदि स्थानों पर 450 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इन कैमरों के जरिए शहर पर नजर रखने के लिए सदर कोतवाली में कंट्रोल बनाया जा रहा है। इसी सप्ताह कंट्रोल रूम से निगरानी शुरू होने की उम्मीद है। कंट्रोल रूम में दो-दो शिफ्ट में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। सीओ सदर व सदर कोतवाल की निगरानी में कंट्रोल रूम का संचालन होगा। शहर के प्रमुख चौराहों पर लगने वाले जाम से लोग रोज परेशान हो रहे हैं। चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सीसीटीवी कैमरों से शहर के चौराहों पर यातायात व्यवस्था की निगरानी भी हो सकेगी। किसी भी चौराहे पर जाम लगने पर उसे हटवाने की तत्काल व्यवस्था की जाएगी।

**कंट्रोम रूम की तैयारी एसपी ने लिया जायजा**

एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बृहस्पतिवार को सदर कोतवाली पहुंचकर कंट्रोल रूम खोलने की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम का काम जल्द पूरा करके सीसीटीवी कैमरे को जोड़ लिया जाए। कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से अपराधियों पर नजर रखना आसान होगा।

## छठ पूजा के सारे इंतजाम पूरे, सुरक्षा भी चाक-चौबंदः डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक




संवाददाता

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि छठ पूजा की सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। घाटों पर पर्याप्त पानी उपलब्ध है और साफ-सफाई के पूरे इंतजाम किए जा चुके हैं। यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार ने छठ पूजा के लिए सारे इंतजाम पूरे कर लिए हैं। घाटों पर पर्याप्त पानी उपलब्ध है। सुरक्षा और साफ-सफाई के सारे इंतजाम हो गए हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि छठ माता सभी की मनोकामना पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि मैं हर साल पूजा में भाग लेने के लिए जाता हूं। इस बार भी जाऊंगा। लखनऊ में लक्ष्मण मेला स्थल पर बने छठ घाट, झूलेलाल घाट, पुराने शहर में पंचवटी घाट, गऊघाट, कुड़ियाघाट पर सूर्योपासना के लिए लोग जुटते हैं। इसके अलावा गोमतीनगर विस्तार में लखनऊ जनकल्याण महासमिति समेत आरडब्ल्यूए भी पूजन को सम्पन्न कराने ने की तैयारियों में जुटी हैं। वहीं महापौर ने भी बृहस्पतिवार को घाटों का निरीक्षण किया।

**अवशेष निराश्रित गोवंशों को 31 दिसम्बर तक गौशालाओं में संरक्षित करायेंः जिलाधिकारी**

# सप्ताह में कम से कम एक दिन निर्माणाधीन गोआश्रय स्थलों को अवश्य देखेंःडीएम

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गोवंश संरक्षण के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों घूम रहे अवशेष निराश्रित गोवंशों को 31 दिसम्बर 2023 तक गौशालाओं में संरक्षित कराये और सभी गोवंश का सत्य प्रतिशत सत्यापन करायें। जिलाधिकारी ने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि गोवंशों की इयर टैगिंग का कार्य पूर्ण करायें और गोवंश संरक्षण के लिए एक कार्य योजना




बनाकर कार्य किया करें तथा दैनिक लक्ष्य निर्धारित करायें और निर्माणाधीन गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य प्रति सप्ताह देखें तथा बीडीओ व प्रधान के माध्यम से निर्माण जल्द पूरा करायें। उन्होने कहा कि गोशालाओं की जाली वाली बाउंड्री बनाने का कार्य तेजी से किया जाए तथा पशु चिकित्सा अधिकारी सप्ताह में कम से कम एक दिन निर्माणाधीन गोआश्रय स्थलों को अवश्य देखें और अपनी साप्ताहिक रिपोर्ट में प्रत्येक गोशाला में गोवंश संरक्षण से संबंधित आवश्यक निर्देशों का उल्लेख किया जाए। गोशालाओं में गोबर व गोमूत्र संग्रहण की उचित व्यवस्था की जाए। गोबर की खाद के रूप में बिक्री की जाए। गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने की संभावनाएं तलाशी जाएं। गोशाला के केयर टेकर से बराबर संवाद किया जाए। केयर टेकर के रहने की उचित व्यवस्था करायी जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रचना दीक्षित, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने सलोन तहसील में वितरित किए ऋण चेक




द अचीवर टाइम्स देवराज

**रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने रायबरेली की सालोन तहसील में स्वनिधि योजना के तहत 1518 लोगों को ऋण चेक वितरित किये। इनमें से 1475 लोगों को दस हज़ार,68 लोगों को बीस हज़ार और 80 से ज्यादा लोगों को पचास हज़ार का चेक वितरित किया। सांसद ने इस दौरान रेहड़ी पटरी दुकानदारों को धूप से बचाव के लिए छतरी भी वितरित किया। साथ ही उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र की रायबरेली जिले में पड़ने वाली सलोन विधानसभा में विशेष ऋण कैंप लगाने का जिलाधिकारी से अनुरोध भी किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वनिधि योजना का उद्देश्य कोरोना कल में अपने रोजगार खो चुके लोगों को पुनः रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पटरी दुकानदार लोगों को घर के दरवाजे तक जरूरी वस्तुए उपलब्ध कराते हैं साथ ही ग्रामीण तथा शहरी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर सलोन विधायक अशोक कोरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी उपस्थित रहे।

# कृष्णा नगर में बंद कमरे में मिला युवती का शव

**स्थानीय लोगों नें दुर्गंध आने पर दी पुलिस को सूचना**

द अचीवर टाइम आनंद पांडेय

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णा नगर में शुक्रवार की शाम बंद कमरे में एक 23 वर्षीय युवती का शव मिला है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को निकाला। पुलिस ने शिनाख्त मृतका के परिजनों को सूचना दी और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। स्थानीय लोगों ने युवती की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। घटना कृष्णानगर थाना क्षेत्र के दामोदर नगर की है। बताया जा रहा है कि युवती उन्नाव की रहने थी, जिसकी डेडबॉडी एक बंद कमरे में पड़ी मिली। शव तीन



दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस के मुताबिक, शायद कमरे में शराब पार्टी हुई है। शराब पीने के बाद युवती से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के बाद हत्या कर दी गई होगी। कुछ दिन पूर्व की कृष्णानगर थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर में युवक और युवती ने कमरे को किराए पर लिया था। फिलहाल, घटना के पीछे का वास्तविक कारण क्या है, इसकी पुलिस जांच कर रही है। पुलिस परिजनों से भी जानकारी लेकर युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# युवा अपनी प्रतिभा मंचों के माध्यम से लोगों तक पहुंचायें और जनपद तथा प्रदेश का मान बढ़ायेंः डीएम

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

**हरदोई।** स्थानीय गांधी भवन हाल में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से आयोजित जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्ज्वलिकर कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को अपने देश की संस्कृति एवं सभ्यता की पूरी जानकारी होनी चाहिए और हर युवा को देश के उत्थान में अपना सम्पूर्ण करना चाहिए। उन्होने कहा युवा अपनी प्रतिभा मंचों के माध्यम से लोगों तक पहुंचायें और जनपद तथा प्रदेश का मान बढ़ायें। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा वाद-विवाद, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी तथा





मोहक नृत्य प्रस्तुत किया जिसकी मुख्य अतिथि सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा तथा द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये। युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व जिला युवा कल्याण अधिकारी बलबीर सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी वितरित की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिंसी तिवारी, द्वितीय स्थान आयुष कटियार व तृतीय स्थान वैभव शुक्ल ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवांक गुप्ता, द्वितीय स्थान वर्तिका शुक्ला व तृतीय स्थान सौर्या सिंह ने प्राप्त किया। कहानी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यांशी वर्मा, द्वितीय स्थान पलक सिंह व तृतीय स्थान शिवांश दीक्षित ने प्राप्त किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिव देवल, द्वितीय स्थान समीक्षा तिवारी व तृतीय स्थान अभय प्रताप ने प्राप्त किया। एकल नृत्य में प्रथम स्थान मोनू गौतम, द्वितीय स्थान ईशा बाजपेयी व तृतीय स्थान शालिनी ने प्राप्त किया। एकल लोकगीत में प्रथम स्थान शक्ति मिश्रा, द्वितीय स्थान अनुष्का गुप्ता व तृतीय स्थान केशव तिवारी ने प्राप्त किया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालय सण्डीला का किया निरीक्षण



द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय सण्डीला का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ब्लाक परिसर, सभागार, प्रेरणाा कैन्टीन एवं प्रशासनिक भवन के अन्तर्गत एन0आर0एल0 कार्यालय, मनरेगा सेल, आवास पटल, लेखाकार पटल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभागार को सुदृढ़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण कराने के निर्देष दिये। पंजिकाओं का अवलोकन करने पर स्थापन पटल सर्विस बुक एवं जी0पी0एफ0 लेजर अधूरे पाये जाने पर तत्काल पूर्ण कराने एवं अभिलेख पूर्ण होने तक पटल सहायक मो0 दानिस रहमान का वेतन बाधित करने के निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को ब्लाक परिसर में बने निष्प्रयोज्य भवनों का मूल्यांकन करवाकर नीलामी कराने के निर्देश दिये। एस0एल0डब्लू0एम0 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेगमगंज में निर्मित कराये जा रहे आर0आर0सी0 सेन्टर का निरीक्षण किया तथा आर0आर0सी0 सेन्टर संचालन के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव एवं प्रधान को दिये। निरीक्षण के समय सुश्री प्रेरणा गौतम, डिप्टी कलेक्टर/उप जिलाधिकारी एवं धर्मेश चन्द्र पाण्डेय ,खण्ड विकास अधिकारी, सण्डीला के साथ ही अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## वोटों की राजनीति के चलते गैस चैंबर बन गए हैं दिल्ली व एनसीआर



**योगेंद्र योगी**


हर दिन हजारों की संख्या में श्वांस के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है। वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने करीब 60 लाख यहूदियों की गैस चैम्बर में जहरीली गैस छोड़ कर हत्या की थी। कमोबेश यही हालत देश के नेता राजधानी दिल्ली के करोड़ों लोगों की कर रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि हिटलर ने नस्लवादी मानसिकता से सुनयोजित तरीके से इस भीषण नरसंहार को अंजाम दिया था और भारत में नेताओं की वोटों की राजनीति के कारण इसे अंजाम दिया जा रहा है। प्रदूषित जहरीली हवा से तिल-तिल करके मरने के लिए करोड़ों लोगों को छोड़ दिया गया है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र के करोड़ों लोग जहरीली हवा लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से मुंबई की हालत भी खराब है। दिल्ली की तरह मुंबई भी गैस चेंबर बनी हुई है। मुंबई की हवा में सांस लेना एक दिन में 100 सिगरेट पीने के बराबर आंकी गई है। दिल्ली की हालत इससे भी कई गुना ज्यादा खराब है। दिल्ली में इतनी बड़ी आबादी लापरवाही और राजनीतिक स्वार्थों के चलते भीषण प्रदूषित हवा से तिल-तिल करने को मजबूर है। हर दिन हजारों की संख्या में श्वांस के रोगियों की तादाद बढ़ रही है। बच्चों और बुजुर्गों का जीना मुहाल हो चुका है। दिल्ली का वायुमंडल विश्व में सबसे प्रदूषित करार दिया जा चुका है। वोटों की राजनीति राजधानी के लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। यदि सुप्रीम कोर्ट इसमें दखल नहीं देता तो दिल्ली और आस-पास के हालात शायद हिटलर के कत्लगाह बने जहरीले गैस चैम्बर जैसे बन जाते। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में जानलेवा बने वायु प्रदूषण के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली की दमघोंटू जहरीली हवा लोगों के स्वास्थ्य की हत्या के लिए जिम्मेदार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण एक राजनीतिक लड़ाई नहीं बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर सर्दियों में दिल्ली के वायु प्रदूषण में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी के पीछे पड़ोसी राज्यों- पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना एक प्रमुख कारक है। इसमें पंजाब सरकार से पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए कदम उठाने को कहा गया। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के वकील से कहा कि हम नहीं जानते कि आप इसे कैसे करते हैं, यह आपका काम है। लेकिन इसे रोका जाना चाहिए। तुरंत कुछ किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि पंजाब में खेतों में लगने वाली आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए पराली जलाने का प्रमुख योगदान है। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) और राज्य कह रहे हैं कि वे वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। लेकिन पराली जलाना अभी भी जारी है। प्रदूषण की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश को निर्देश देते हुए कहा कि ये राज्य पराली जलाना तुरंत बंद कर दें। मामले पर कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निशाने पर लिया। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धुलिया की बेंच ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने वाले स्मॉग टावर लगाए गए और उनका खूब प्रचार किया गया लेकिन वह बंद पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से पराली को नष्ट कर खाद बनाने वाले केमिकल के प्रचार पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पराली को खाद बनाने वाले एक केमिकल का दावा किया था। क्या यह कभी सफल हुआ? लगता है यह सब सिर्फ दिखावा ही था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में केवल एक दूसरे पर दोषारोपण का खेल जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमने अपना बुलडोजर शुरू किया तो हम नहीं रुकेंगे। अदालत ने यह भी पूछा कि पंजाब में धान क्यों उगाया जा रहा है, जबकि जलस्तर पहले से ही इतना नीचे है। आप क्या कर रहे हैं? अपने जलस्तर को देखें। आप पंजाब में धान की अनुमति क्यों दे रहे हैं? आप पंजाब को हरित भूमि से बिना फसल वाली भूमि में बदलना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पंजाब में धान की खेती का विकल्प खोजा जाए। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं से राज्य की आबोहवा खराब हो रही है। इसका असर दूसरे राज्यों पर भी पड़ रहा है। प्रमुख शहर जैसे अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) काफी खराब कैटेगरी में चल रहा है। पंजाब में सबसे ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आए हैं। पंजाब में कुल 1,830 मामले दर्ज किया जा चुके हैं। फिरोज़पुर दूसरे नंबर पर हैं। अकेले फिरोज़पुर में 299 मामले पराली जलाने के दर्ज किए गए है। दिवाली के बाद वायु प्रदूषण की हालत और भी खराब हो गयी है। चिकित्सकों के मुताबिक पिछले कुछ महीनों से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जो फेफड़ों के इंफेक्शन से ठीक होने के बाद भी सांस फूलने की शिकायत कर रहे हैं। युवा मरीजों में भी ऐसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। कई गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा है। ऐसे लक्षणों वाले सभी मरीजों में करीब 50 प्रतिशत या दो में से एक जो ओपीडी में आ रहे हैं, उन्हें कम से कम एक या दो दिनों के लिए भर्ती होना पड़ रहा है। करीब 30 प्रतिशत मरीजों को आईसीयू में एडमिट होने की जरूरत होती है। वायु प्रदूषण से लंग्स कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण 2019 में भारत में 16.7 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। जो देश में अब तक हुई कोविड-19 से हुई मौतों से दस गुना अधिक है। जिससे लगभग 36.8 बिलियन डॉलर (2,71,446 करोड़ रुपये) का आर्थिक नुकसान हुआ। एम्स, आईसीएमआर और आईआईटी-दिल्ली के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी, 2019 शीर्षक से, इनडोर और आउटडोर दोनों में वायु प्रदूषण के आर्थिक प्रभाव को मापा गया, क्योंकि इससे समय से पहले होने वाली मौतों के कारण आउटपुट का नुकसान हुआ और रुग्णता बढ़ी। अध्ययन में कहा गया है कि ये मौतें पिछले साल देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थीं, जबकि आर्थिक नुकसान भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.36 प्रतिशत था। वायु प्रदूषण से भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में साल दर साल लगभग 0.56 प्रतिशत की कमी आ रही है, क्योंकि जीडीपी की गणना में शामिल वस्तुओं एवं सेवाओं पर वायु प्रदूषण नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। भारत में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसित स्तर का लगभग 20 गुना और भारत के अपने मानकों से दो गुने से भी अधिक है।

# डॉ. सत्यवान सौरभ को पंडित प्रताप नारायण मिश्र राष्ट्रीय युवा साहित्यकार सम्मान 2023 से नवाजेंगे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



डॉ. सत्यवान सौरभ

(स्कूल की प्रार्थना सभा में बोलना और रोजाना नोटिस बोर्ड पर काव्य पंक्तियाँ लिखने वाले बच्चे ने आज सालों बाद साहित्यकार बनने का सफर तय कर डाला। हरियाणा के युवा साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को यह पुरस्कार उनके दोहा संग्रह 'तितली है खामोश' पर दिया गया है। डॉ सत्यवान सौरभ को भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ द्वारा पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्य सम्मान-2023 का साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर डॉ सौरभ को स्मृति चिन्ह, शारदे प्रतिमा, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं ?25000 राशि का चेक प्रदान किया जाएगा। डॉ सत्यवान सौरभ देश के ऐसे लेखक/कवि है जिनकी पहली पुस्तक मात्र कक्षा दसवीं में पढाई के दौरान यादें नामक काव्य संग्रह के रूप में आई और तब से ये खूबसूरत सफर जारी है और अपनी सौरभ से देश-विदेश को महका रहा है।) स्कूल की प्रार्थना सभा में बोलना और रोजाना नोटिस बोर्ड पर काव्य पंक्तियाँ लिखने वाले बच्चे ने आज सालों बाद साहित्यकार बनने का सफर तय कर डाला। साहित्य के काव्य क्षेत्र में योगदान देने वाले भिवानी जिले के गाँव बड़वा निवासी डॉ सत्यवान सौरभ का काव्य विधा में श्रेष्ठ लेखन के लिए पूरे देश से पंडित प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान के लिए चयन हुआ है। हरियाणा के भिवानी जिला के गांव बड़वा के नवोदित साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ द्वारा पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्य सम्मान- 2023 पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना के कर कमलों द्वारा लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु विहार के माधव सभागार में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में डॉ सौरभ को स्मृति चिन्ह, शारदे प्रतिमा, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं ?25000 राशि का चेक प्रदान किया जाएगा। भाऊराव देवरस सेवा न्यास पिछले 29 वर्षों से पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान से छह साहित्यकारों को सम्मानित करता आया है। डॉ. सौरभ इनमें हरियाणा के इकलौते साहित्यकार है। न्यास 40 वर्ष तक की आयु वाले साहित्यकारों को उनकी मौलिक रचनाधर्मिता के लिए सम्मानित और पुरस्कृत करता है। इस बार काव्य विधा में हरियाणा के डॉ सत्यवान सौरभ को पुरस्कृत किया जाएगा। हर साहित्यकार को 25 हजार रुपये धनराशि के साथ सरस्वती प्रतिमा, न्यास का बोध चित्र स्वास्तिक और पंडित प्रताप नारायण मिश्र का साहित्य देकर सम्मानित किया जाएगा। न्यास के संयोजक डॉ. विजय कुमार करण ने बताया कि हरियाणा के युवा साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को यह पुरस्कार उनके दोहा संग्रह 'तितली है खामोश' पर दिया गया है। न्यास के संयुक्त सचिव ने बताया कि प्रतिवर्ष दिए जाने वाले इस पुरस्कार को इस वर्ष देश के युवा साहित्यकारों को दिया जाएगा। डॉ सत्यवान सौरभ वर्तमान में हरियाणा के उभरते साहित्यकारों में से एक है। दैनिक संपादकीय लेखन में ये देश भर में प्रसिद्ध है और आए रोज इनके लेख देश-विदेश के हजारों अखबारों में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। इनकी अब तक 4 पुस्तकें यादें, कुदरत की पीर, परियों से संवाद, तितली है खामोश सभी हिंदी भाषा में और एक अंग्रेजी भाषा में %इश्यूज एंड पैन% प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ सत्यवान सौरभ के दोहों और कविताओं की सौरभ देश ही नहीं विदेशों तक फैली है। ईरान, फिजी, सूरीनाम, मारीशस जैसे हिंदी को पसंद करने वाले देशों की पत्रिकाओं में सत्यवान सौरभ के दोहे खूब प्रकाशित किये जाते है। सौरभ के दोहे दो पंक्तियों में होने के प्रभाव से जल्दी याद हो जाते है और मारक क्षमता इतनी की किसी के दिल की बात ही कह दी हो। डॉ


भाऊराव देवरस सेवा न्यास
Bhaorao Deoras Sewa Nyas
'माधवराव देवड़े स्मृति-सदन' सी-91, निरालानगर, लखनऊ-226 020
'Madhaorao Deode Smriti-Sadan' C-91, Nirala Nagar, Lucnow-226 020
Phone & Fax : (0522) 2789529, 2789406
E-mail : bdsnyas@yahoo.co.in, karan.vijay1@gmail.com
पत्रांक/Ref. भा.दे.से.न्यास/2023 दिनांक/Date : 16/11/2023

भाऊराव देवरस सेवा न्यास, लखनऊ
'पं0 प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान' 2023

आदरणीय,
डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
नमस्कार!
आपको अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित करना है कि न्यास का उक्त 29वाँ सम्मान समारोह 3 दिसंबर 2023, दिन (रविवार) को 2:00 बजे निराला नगर, लखनऊ स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर परिसर के माधव सभागार में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार व डॉ. अरुण सक्सेना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में होंगे।

भवदीय,
(प्रो. विजय कुमार करण)
संयोजक,चयन-समिति
मो. नं.-8887671004

सत्यवान सौरभ देश के ऐसे लेखक/कवि है जिनकी पहली पुस्तक मात्र कक्षा दसवीं में पढाई के दौरान यादें नामक काव्य संग्रह के रूप में आई और तब से ये खूबसूरत सफर जारी है और अपनी सौरभ से देश-विदेश को महका रहा है। (स्कूल की प्रार्थना सभा में बोलना और रोजाना नोटिस बोर्ड पर काव्य पंक्तियाँ लिखने वाले बच्चे ने आज सालों बाद साहित्यकार बनने का सफर तय कर डाला। हरियाणा के युवा साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को यह पुरस्कार उनके दोहा संग्रह 'तितली है खामोश' पर दिया गया है। डॉ सत्यवान सौरभ को भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ द्वारा पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्य सम्मान-2023 का साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर डॉ सौरभ को स्मृति चिन्ह, शारदे प्रतिमा, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं ?25000 राशि का चेक प्रदान किया जाएगा। डॉ सत्यवान सौरभ देश के ऐसे लेखक/कवि है जिनकी पहली पुस्तक मात्र कक्षा दसवीं में पढाई के दौरान यादें नामक काव्य संग्रह के रूप में आई और तब से ये खूबसूरत सफर जारी है और अपनी सौरभ से देश-विदेश को महका रहा है।) स्कूल की प्रार्थना सभा में बोलना और रोजाना नोटिस बोर्ड पर काव्य पंक्तियाँ लिखने वाले बच्चे ने आज सालों बाद साहित्यकार बनने का सफर तय कर डाला। साहित्य के काव्य क्षेत्र में योगदान देने वाले भिवानी जिले के गाँव बड़वा निवासी डॉ सत्यवान सौरभ का काव्य विधा में श्रेष्ठ लेखन के लिए पूरे देश से पंडित प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान के लिए चयन हुआ है। हरियाणा के भिवानी जिला के गांव बड़वा के नवोदित साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ द्वारा पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्य सम्मान- 2023 पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना के कर कमलों द्वारा लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु विहार के माधव सभागार में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में डॉ सौरभ को स्मृति चिन्ह, शारदे प्रतिमा, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं ?25000 राशि का चेक प्रदान किया जाएगा। भाऊराव देवरस सेवा न्यास पिछले 29 वर्षों से पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान से छह साहित्यकारों को सम्मानित करता आया है। डॉ. सौरभ इनमें हरियाणा के इकलौते साहित्यकार है। न्यास 40 वर्ष तक की आयु वाले साहित्यकारों को उनकी मौलिक रचनाधर्मिता के लिए सम्मानित और पुरस्कृत करता है। इस बार काव्य विधा में हरियाणा के डॉ सत्यवान सौरभ को पुरस्कृत किया जाएगा। हर साहित्यकार को 25 हजार रुपये धनराशि के साथ सरस्वती प्रतिमा, न्यास का बोध चित्र स्वास्तिक और पंडित प्रताप नारायण मिश्र का साहित्य देकर सम्मानित किया जाएगा। न्यास के संयोजक डॉ. विजय कुमार करण ने बताया कि हरियाणा के युवा साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को यह पुरस्कार उनके दोहा संग्रह 'तितली है खामोश' पर दिया गया है। न्यास के संयुक्त सचिव ने बताया कि प्रतिवर्ष दिए जाने वाले इस पुरस्कार को इस वर्ष देश के युवा साहित्यकारों को दिया जाएगा। डॉ सत्यवान सौरभ वर्तमान में हरियाणा के उभरते साहित्यकारों में से एक है। दैनिक संपादकीय लेखन में ये देश भर में प्रसिद्ध है और आए रोज इनके लेख देश-विदेश के हजारों अखबारों में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। इनकी अब तक 4 पुस्तकें यादें, कुदरत की पीर, परियों से संवाद, तितली है खामोश सभी हिंदी भाषा में और एक अंग्रेजी भाषा में %इश्यूज एंड पैन% प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ सत्यवान सौरभ के दोहों और कविताओं की सौरभ देश ही नहीं विदेशों तक फैली है। ईरान, फिजी, सूरीनाम, मारीशस जैसे हिंदी को पसंद करने वाले देशों की पत्रिकाओं में सत्यवान सौरभ के दोहे खूब प्रकाशित किये जाते है। सौरभ के दोहे दो पंक्तियों में होने के प्रभाव से जल्दी याद हो जाते है और मारक क्षमता इतनी की किसी के दिल की बात ही कह दी हो। डॉ सत्यवान सौरभ देश के ऐसे लेखक/कवि है जिनकी पहली पुस्तक मात्र कक्षा दसवीं में पढाई के दौरान यादें नामक काव्य संग्रह के रूप में आई और तब से ये खूबसूरत सफर जारी है और अपनी सौरभ से देश-विदेश को महका रहा है।

# अर्थव्यवस्था की उज्ज्वल तस्वीर

## वैश्विक आर्थिक महाशक्तियों में अग्रणी बनने की राह

भारत फिलहाल 36 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है, लेकिन बहुत संभव है कि वर्ष 2030 या उससे पहले यह 70 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय शताब्दी पहले ही शुरू हो चुकी है, आगामी दशकों में यह वैश्विक आर्थिक महाशक्तियों में अग्रणी स्थान हासिल करेगा। इस बार दिवाली में देशवासियों ने 30,000 करोड़ रुपये के सोने-चांदी खरीदे। धनतेरस सप्ताहांत के दौरान भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा 41 टन से ज्यादा सोना और 400 टन चांदी की खरीदारी की गई। कॉनफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के मुताबिक, दिवाली 2023 के सीजन में अब तक 3.75 लाख करोड़ रुपये की खुदरा और ऑनलाइन बिक्री हुई। खपत में उछाल का व्यापक प्रसार इस तथ्य से समझा जा सकता है कि 65 फीसदी ऑनलाइन बिक्री प्रथम श्रेणी के शहरों से बाहर हुई। बिक्री की यह रफ्तार पूरे त्योहारी सीजन के दौरान रहने की उम्मीद है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मजबूत घरेलू मांग के मद्देनजर भारत के 2023 के विकास पूर्वानुमान को 6.7 फीसदी पर बरकरार रखा है। प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के चलते निर्यात कमजोर रहने के बावजूद मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रोइकॉनॉमिक आउटलुक 2024-25 में कहा कि घरेलू मांग में निरंतर वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। मूडीज ने कहा कि %हमें उम्मीद है कि भारत की वास्तविक जीडीपी 2023 में लगभग 6.7 प्रतिशत, 2024 में 6.1 प्रतिशत और 2025 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।% भारत की वास्तविक जीडीपी जून की तिमाही में साल-दर-साल 7.8 प्रतिशत बढ़ी, जो मार्च




तिमाही में 6.1 प्रतिशत थी। इसे घरेलू खपत और ठोस पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में छह प्रतिशत की वृद्धि से बल मिला। मूडीज ने कहा कि संकेतक बताते हैं कि जून तिमाही की मजबूती जुलाई-सितंबर तिमाही में भी जारी रहने वाली है। %मजबूत जीएसटी संग्रहण, ऑटोमोबाइल की बढ़ती बिक्री, उपभोक्ताओं की बढ़ती उम्मीदें और दहाई अंकों में क्रेडिट ग्रोथ के चलते मौजूदा त्योहारी मौसम में शहरी उपभोक्ता मांग लचीली बनी रहेगी। हालांकि ग्रामीण मांग, जिसमें शुरुआती सुधार के संकेत दिख रहे हैं, असमान मानसून के कारण कमजोर बनी हुई है, जिससे फसल की पैदावार और कृषि आय में कमी हो सकती है।% आपूर्ति के मामले में, विनिर्माण और सेवाओं के पीएमआई का विस्तार और बुनियादी उद्योगों का बेहतर उत्पादन ठोस आर्थिक गति का प्रमाण है। मूडीज का कहना है कि प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के बीच निर्यात कमजोर रहने के कारण, मजबूत घरेलू मांग से निकट भविष्य में विकास की गति बने रहने की संभावना है। त्योहारी मौसम के बाद घरेलू मांग की गतिशीलता मुद्रास्फीति और आरबीआई की मौद्रिक नीति के सख्त होने के प्रभाव पर निर्भर करेगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष ने कहा कि तेज आर्थिक गतिविधि मजबूत जीएसटी संग्रह का प्रमुख कारण है। जहां तक मुद्रास्फीति का सवाल है, तो अक्तूबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) उम्मीद के अनुरूप घटकर 4.87 फीसदी रहा। मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट जारी है। हालांकि भू-राजनीतिक संघर्ष और कच्चे तेल के बढ़ते मूल्य के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024 में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 5.3 फीसदी रहने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक से अपेक्षा है कि वह मुद्रास्फीति पर अंकुश रखने और इसे चार फीसदी के लक्ष्य तक लाने के लिए ब्याज दरों को स्थिर रखेगा और बाजार में तरलता पर सख्ती रखेगा। खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 6.7 फीसदी पर स्थिर है। अक्तूबर में मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य, पेय पदार्थ और ईंधन को छोड़कर सीपीआई) अप्रैल, 2020 के बाद से सबसे निचले स्तर 4.3 फीसदी (सितंबर~ 4.5 फीसदी) पर आ गई थी। वित्त वर्ष 2024 में मुख्य मुद्रास्फीति औसतन 4.5 फीसदी रहने की उम्मीद है, वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में इसके कुछ समय के लिए कम होकर चार फीसदी से कम होने की संभावना है। मुख्य मुद्रास्फीति में यह कमी रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति को कुछ राहत प्रदान करेगी। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 25 में मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के चार फीसदी के लक्ष्य तक कम हो जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी अक्तूबर के व्यापार आंकड़े के अनुसार, अक्तूबर में निर्यात में छह प्रतिशत और आयात में 11 फीसदी का इजाफा हुआ है। हालांकि, व्यापार घाटा बढ़कर 26 अरब डॉलर हो गया है। शेयर बाजार में शानदार बढ़त देखने को मिल रही है। कुल मिलाकर, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कई वैश्विक विश्लेषक अर्थव्यवस्था के लचीले बुनियादी सिद्धांतों और पिछले कुछ वर्षों में उठाए गए निर्णायक नीतिगत कदमों को लेकर भारत के प्रति आशावादी हैं। भारत में घरेलू विकास मजबूत हो रहा है और भारतीय अर्थव्यवस्था पर बाहरी झटकों का असर कम पड़ता है। इस क्षेत्र में भारत में संरचनात्मक विकास की सबसे अच्छी संभावनाएं हैं। वर्ष 2024 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.5 फीसदी पर रहने की संभावना है। उम्मीद है कि 2024 में भारत में कॉरपोरेट मुनाफा 13 फीसदी से 15 फीसदी और 2025 में 14 फीसदी बढ़ जाएगा, जिससे सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार पर वृद्धि दिखाई देगी। बैंकों ने अपने खराब ऋणों की समस्या का समाधान कर लिया है और कर्ज लेकर घर खरीदने वाले लोगों से लेकर कॉरपोरेट जगत और एमएसएमई तक सभी वर्गों को वित्त पोषित करने के लिए उनके पास पर्याप्त पूंजी है। गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली ने अपने पोर्टफोलियो निर्माण में भारतीय शेयरों को %अधिक वजन% वाले वर्ग में रखा है। गोल्डमैन सैक्स को उम्मीद है कि निफ्टी 50 इंडेक्स 2024 के अंत तक 21,800 तक पहुंच जाएगा, जबकि मॉर्गन स्टेनली ने 2024 के अंत तक बीएसई सेंसेक्स का लक्ष्य 74,000 रखा है। अगले वर्ष मार्च-अप्रैल में होने वाले संसदीय चुनाव से बाजार में कुछ अस्थिरता पैदा हो सकती है। लेकिन बैंक और वित्तीय, ऑटोमोबाइल, सीमेंट, औद्योगिक, बिजली और उपयोगिता जैसे घरेलू क्षेत्र 2024 में तेजी से आगे बढ़ेंगे। साथ ही, आने वाले दशकों में भी बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। भारत फिलहाल 36 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था है, लेकिन बहुत संभव है कि वर्ष 2030 या उससे पहले यह 70 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय शताब्दी पहले ही शुरू हो चुकी है, आगामी दशकों में यह वैश्विक आर्थिक महाशक्तियों में अग्रणी स्थान हासिल कर सकता है।

### छठ पर्व पर जल निधियों की याद, आज करें स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प

हर साल यदि जल निधियों को स्वच्छ बनाने, तालाब खोदने और उन्हें संरक्षित करने का संकल्प हो, तो छठ मैया का असली प्रभाव देखा जा सकेगा। दिल्ली है ही इसलिए, क्योंकि इसके बीच से यमुना बहती है, लेकिन इस बार छठ पूजा यमुना में नहीं हो पाएगी। दिल्ली में, जहां कोई एक तिहाई आबादी पूर्वांचल की है, यमुना में छठ का अर्घ्य देने पर सियासत हो रही है। दरअसल पिछले कुछ वर्षों के दौरान झाग वाले दूषित यमुना-जल में महिलाओं के सूर्योपासना के चित्रों ने दुनिया में हमारी किरकिरी करवाई है। इस बार दिल्ली में कोई 400 अस्थायी तालाब बनाए जा रहे हैं, ताकि लोग यमुना के बजाय वहां छठ पर्व मनाएं। यहीं एक सवाल उठता है कि इन तालाबों या कुंडों को नागरिक समाज को सौंपकर इन्हें स्थायी क्यों नहीं किया जा सकता। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में हिंडन नदी नाम की ही बची है। चूंकि यहां कई लाख पूर्वांचलवासी हैं, सो इसे गंगनहर से थोड़ा-सा पानी डालकर जिलाया जाएगा। बिहार में सबसे बड़ा पर्व तो छठ ही है। वहां की नदियों के हालात भी यमुना- हिंडन से बहुत अलग नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन का असर इस राज्य पर भारी है, सो नदियों में पानी की मात्रा कम है। छठ पर्व के समय यह आम दृश्य है कि जिस नदी से साल भर समाज बेपरवाह रहता है, उसके घाटों पर झाड़ू-बुहारू होने लगती। जैसे ही पर्व का समापन होता है, नदी के आसपास गंदगी जमा होने लगती है। छठ पर्व के समय समाज कोशिश करता है कि घर से दूर अपनी परंपरा का जैसे-तैसे पालन हो जाए, चाहे सोसाइटी के स्विमिंग पूल में हो या अस्थायी बनाए गए कुंड में, पर वह इससे बेपरवाह रहता है कि असली छठ मैया तो उस जल-निधि की पवित्रता में बसती हैं, जहां उसे पूरे साल सहेजकर रखने की आदत हो।

# एनटीपीसी विंध्याचल सुरक्षा विभाग द्वारा संविदाकर्मियों हेतु मेगा सेफ्टी पेप टॉक का किया गया आयोजन

संवाददाता



**विंध्यानगर (सिंगरौली) ।** एनटीपीसी विंध्याचल सुरक्षा विभाग द्वारा सुरक्षा संस्कृति को विकसित करने के लिए 15 नवंबर 2023 को यूनिट 1 जी टी एरिया के सामने संविदकर्मियों हेतु मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया।। जिसमें 300 से अधिक संविदकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संविदाकर्मियों को कार्यस्थल पर सावधानी पूर्वक कार्य करने और कार्य के दौरान होने वाले खतरों से नियंत्रण व उपाय के बारे में जागरूक करना है। सर्वप्रथम मेगा सेफ्टी पेप टॉक की शुरुआत अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) श्री आशीष कुमार अग्रवाल के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने सड़क सुरक्षा व प्लांट परिसर की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार द्वारा उपस्थित सभी लोगों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा निर्देश व ओवरहालिंग निर्देश पत्रिका का अनावरण करके वितरण किया गया । साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कार्यस्थल पर सभी आवश्यक पीपीई के साथ सुरक्षा बरतने की जानकारी दी और साथ ही उम्मीद जताई कि आगे भी परिसर दुघर्टना रहित रहेगा। इसी क्रम में महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज ने सभी को संबोधित करते हुए कहा ये परिसर हमारा एक बड़ा परिवार है जहां हमें मिलकर कार्य करना है। प्रत्येक कार्यस्थल पर खतरे अलग-अलग प्रकार के होते हैं, इसलिए जहां भी आप कार्य कर रहें हैं वहां की समस्त जानकारी आपको और आपके साथी को होनी चाहिए जिसकी मदद से हम सुरक्षित काम कर पाएंगे। कार्यक्रम के अंत में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) एवं महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) एवं उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा 30 सुरक्षा जागरूक संविदा कर्मियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया तथा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार , महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) श्री पार्थ नाग, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री प्रबीर कुमार विश्वास , महाप्रबंधक (ई एम डी) श्री सुरेश कुमार वारयानी, विभागाध्यक्ष (सुरक्षा) और विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ भरी संख्या में संविदाकर्मचारी भी उपस्थिति रहें।

# पुलिस ने यातायात नियम पालन करने के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक



संवाददाता

**पाली,हरदोई।** शुक्रवार को अतिरिक्त निरीक्षक वहीद अहमद के नेतृत्व में पाली पुलिस द्वारा यातायात माह के अंतर्गत नगर के पन्त इंटरमीडिएट कॉलेज में सभी छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के संबंध में भली भांति अवगत कराते हुए जागरूक किया गया एवं नियमों का पालन किए जाने हेतु अपील की गयी उपस्थित छात्र छात्राओं ने यातायात नियमों को पालन करने का संकल्प भी लिया। इसमें काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पाली थाना अतिरिक्त निरीक्षक वहीद अहमद ने कहा कि सभी को बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनना चाहिए जिससे हमारी स्वयं की सुरक्षा होती है उन्होंने कहा हमेशा ही रोड पर चलते समय यातायात के नियमों को ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र पांडेय उपनिरीक्षक श्रीपति मौर्य, कस्वा इंचार्ज योगेंद्र कुमार के साथ साथ पुलिस टीम व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# चीन में आयोजित एशिया पुरुष नौकायान में एबाद अली ने देश का

संवाददाता



**अयोध्या।** चीन में आयोजित एशियाई खेलों में पुरुष नौकायन में देश के लिए कांस्य पदक और गोवा में नौ नवंबर को हुए 37 वें नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने के बाद एबाद अली पैतृक गांव महबूबगंज स्थित ऊंचगांव पहुंचे।जहाँ सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंच गर्मजोशी से उनका भव्य स्वागत किया। उत्साहित युवाओं ने एबाद को कंधे पर उठा भारत माता की जय का नारा बुलंद किया। गांव में जगह-जगह माल्यार्पण व मिठाई खिला कर युवा खिलाड़ी का स्वागत किया गया। इस दौरान उनके घरवालों में अपने बेटे को माला पहनकर तथा मुंह मीठा खिलाकर जीत की बधाई दी.. वही एबाद अली का कहना है कि उन्होंने आदर्श उड़न मिल्खा सिंह से ही प्रेरित होकर तेज धावक के लिए अपना कैरियर शुरू किया जो नौकायन तक जा पहुंचा। 2013 में सेना में चयनित होने के बाद एबाद ने कभी पीछे मुड़कर में नहीं देखा, यही कारण है कि 26 सितम्बर को पुरुषों की आरएस एक्स क्लास फाइनल रेस में कांस्य पदक हासिल किया हैं।उन्होंने कहा प्रारम्भिक शिक्षा यहां अवध मांटेसरी में हासिल करने के बाद हाईस्कूल उत्तीर्ण होते ही उनका चयन सेना में हो गया।दरअसल एबाद मिल्खा सिंह से इतने प्रेरित हैं कि उन्होंने सेना में मिल्खा सिंह की इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर्स विंग को ही चुना। 29 वर्षीय एबाद को तैनाती भोपाल में मिली जहां से उनके कैरियर में बड़ा बदलाव आया। यहां 3 ईएमई सेंटर उनका चयन सेलिंग गेम के लिए हुआ और कर्नल आशुतोष त्रिपाठी और कोच प्रकाश अलेक्जेंडर, कर्नल एनएस जोहल ने उन्हें तराश कर यहां तक पहुंचाया। बीते तीन महीने से स्पोर्ट्स अथारिटी आफ इंडिया के कमांडिंग आफिसर कड़े प्रशिक्षण के जरिए यह मुकाम हासिल करने वाले एबाद अली अयोध्या के मया ब्लाक विदेश में उनका प्रशिक्षण करवा के ऊंचेगांव के मल निवासी रहे हैं।इस मौके पर हबीबुर्रहमान, मुजीबुर्रहमान, अतीक अहमद, सैयद अफजल राजा, मोहम्मद अवेश, रियासत अली फजलु रहमान रहमान, मुदासिर जियाउल्लाह, काजी इमरान आदि तमाम लोग स्वागत में शामिल रहे।

## एक नज़र

### जिले में 19 नवम्बर से आयोजित होगी 02 दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता

संवाददाता

**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्तर्गत जनपद में ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली 02 दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आगाज़ 19 नवम्बर 2023 से होगा। ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। एथलेटिक्स सब जूनियर वर्ग हेतु बालक-बालिका की अधिकतम आयु 16 वर्ष, जूनियर व सीनियर वर्ग के लिए 20 वर्ष, वॉलीबाल सब जूनियर वर्ग हेतु बालक-बालिका की अधिकतम आयु 16 वर्ष, जूनियर के लिए 18 वर्ष तथा सीनियर वर्ग हेतु ओपेन एज ग्रुप, कबड्डी सब जूनियर वर्ग हेतु बालक-बालिका की अधिकतम आयु 16 से 17 वर्ष, जूनियर के लिए 18 से 20 वर्ष तथा सीनियर वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 20 वर्ष निर्धारित है।सब जूनियर बालक वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100 व 800 मी. दौड़, जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 45, 48, 51 व 55 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल तथा सब जूनियर बालिका वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100 व 800 मी. की दौड़, हाई जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 40, 43, 49 व 53 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल, जूनियर बालक वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100, 200, 400 व 1500 मी. की दौड़, हाई व लांग जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 57, 61, 65 व 70 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल तथा जूनियर बालिका वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100, 200, 400 व 800 मी. की दौड़, हाई जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 50, 53, 55 व 57 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी प्रकार सीनियर बालक वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100, 200, 400 व 1500 मी. की दौड़, हाई व लांग जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 57, 61, 65, 70 व 74 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल तथा सीनियर बालिका वर्ग हेतु एथलेटिक्स में 100, 200, 400 व 800 मी. की दौड़, हाई व लांग जम्प, शॉटपुट, जैवलिन व डिस्कस थ्रों, कुश्ती हेतु 50, 53, 55, 57 व 59 किलो वर्ग तथा टीम स्पर्धा के तहत कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित होगी। खिलाड़ियों के आयु की गणना 01 जनवरी 2024 के आधार पर की जायेगी।

सीडीओ ने बताया कि जनपद में ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली 02 दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता हेतु ब्लाकवार प्रतियोगिता स्थल एवं तिथियों का निर्धारण कर दिया गया है। विकास खण्ड जरवल हेतु रामलीला मैदान जरवल में 19 व 20 नवम्बर 2023 को तथा मिहींपुरवा हेतु ग्रामीण स्टेडियम सेमरहना में 20 व 21 नवम्बर, चित्तौरा हेतु रामादीन इण्टर कालेज चिलवरिया, फखरपुर हेतु ग्रामीण स्टेडियम अचौलिया, पयागपुर हेतु वी.आर.सी. स्टेडियम पुरानी तहसील तथा हुजूरपुर हेतु चिरैय्याटांड स्टेडियम हुजूरपुर में 21 व 22 नवम्बर, तेजवापुर हेतु मिनी स्टेडियम मरौचा, नवाबगंज हेतु जू.हा. चौगड़वा नवाबगंज, रिसिया हेतु सरस्वती इण्टर कालेज रिसिया, विशेश्वरगंज जय भारत ल.मा.वि. रेलवे स्टेशन विशेश्वरगंज तथा कैसरगंज हेतु परमहंस डिग्री कालेज कैसरगंज में 22 व 23 नवम्बर तथा बलहा हेतु सआदत इण्टर कालेज नानपारा व महसी हेतु राजा भईया मेमोरियल स्कूल राजी चौराहा में 24 व 25 नवम्बर को प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जबकि जनपद स्तरीय खुली ग्रामीण प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि 03 व 04 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। जिले में ब्लाक स्तर पर आयोजित होने वाली 02 दिवसीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा सम्बन्धित खेल संघों के जिला स्तरीय व स्थानीय प्रतिनिधियों को सदस्य नामित किया गया है। आयोजन समिति को निर्देश दिया है कि प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए साथ ही विभिन्न माध्यमों में प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाय। इस कार्य में ग्राम प्रधान तथा युवक मंगल दल के सदस्यों का भी सहयोग प्राप्त किया जाय।

### महिला का सिपाही पर बड़ा आरोप,सिपाही ने लात मारकर 14 दिन जेल की दी धमकी




संवाददाता,

**पाली,हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के गांव वेगराजपुर में जमीनी विवाद के चलते जांच करने गए सिपाही ने पीड़ित महिला से 2 हजार रुपए भी ले लिये और विवादित ज़मीन पर दीवार भी खड़ी करवा दी।महिला के विरोध करने पर सिपाही ने लात मारते हुए उसे 14 दिनों के लिए जेल भेजने की धमकी तक दे डाली। वेगराजपुर निवासी महिला छोटी बिटिया पत्नी प्रतिपाल ने मुख्यमंत्री को भेजी गयी शिकायत में गांव के जागेश्वर पुत्र रामभरोसे पर जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया है। उक्त मामले की जांच करने गांव पहुंचे सिपाही जयपाल सिंह ने महिला से 2 हज़ार रुपये लिए उसके बाबजूद आरोपी से मिलकर विवादित दीवार खड़ी करवा दी। बकौल पीड़िता ने जब सिपाही को दिये रुपये वापस मांगे तो सिपाही ने आग-बबूला होते हुये महिला को लात मारते हुए उसे धमकी दी कि यदि उसने मुंह नहीं बंद किया तो वह उसे 14 दिनों के लिए जेल भेज देंगे। छोटी बिटिया का आरोप है कि उक्त सिपाही तीन सालों से पाली थाने में ही तैनात हैं। इसलिये वह मनमानी कर रहा है। वहीं सरकार एक ही थाने में तीन साल से अधिक समय से तैनात पुलिस कर्मियों के तबादला करने का आदेश जारी कर चुकी हैं। लेकिन यहां तो उक्त सिपाही का रुतबा चल रहा है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर उक्त सिपाही के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# घर के अंदर किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददता




**टड़ियावां,हरदोई।** थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। मामले में प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की अटकलें लगाई जा रही हैं। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना टड़ियावां क्षेत्र के गांव सोहासा में सतीश पाल की 16 वर्षीय पुत्री नीतू पाल ने अज्ञात कारणों के चलते बीते दिन गुरुवार की शाम घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शुक्रवार की दोपहर मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले को लेकर इलाके में प्रेम प्रसंग के चलते आत्म हत्या करने की चर्चाएं हो रही है। मृतका के दो भाई एवं एक छोटी बहन है। घटना की सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के सुसाइड करने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जुलूस निकाल गणेश-लक्ष्मी प्रतिमा का हुआ विसर्जन

# जयघोष से गुंजायमान हो उठा बाजार

संवाददाता



**बलरामपुर।** उतरौला कोतवाली क्षेत्र के महदेईया बाजार में भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन के लिए शुक्रवार को भव्य जुलूस निकाला गया। गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने गुमडी घाट पहुंचकर प्रतिमा का विसर्जन किया। उतरौला कोतवाली अंतर्गत आदि शक्ति जय मां दुर्गा मंदिर महदेईया बाजार में 12 नवम्बर से मां लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम चल रहा था। पाँच दिन तक चले विशेष पूजन के बाद छठे दिन प्रतिमा विसर्जन के लिए भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। गाजे-बाजे के साथ धार्मिक गीतों पर थिरकते हुए युवा प्रतिमा के पीछे-पीछे चल रहे थे। रास्ते मे लोगों ने कई स्थानों पर जुलूस रोककर प्रतिमा का पूजन-अर्चन किया। शांतिपूर्ण ढंग से श्रद्धालुओं का जुलूस पूरे बाजार का भ्रमण करता हुआ मुजहना गांव पहुंचा, वहां से पुनः बाजार का भ्रमण करते हुए गुमडी घाट पहुंचकर मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी

## नागरिक सुरक्षा कोर प्रखंड नवाबगंज छठ पूजा के अवसर पर स्वच्छता अभियान



संवाददाता

**कानपुर।** नागरिक सुरक्षा कोर नवाबगंज प्रखंड कानपुर नगर द्वारा उप नियंत्रक श्री शिवराज सिंह चीफ वार्डन रोहित मल्होत्रा वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक श्री नीरज चक के निर्देशन में अटल घाट गंगा बैराज पर डिवीजनल वार्डन धनंजय नारायण सिंह के नेतृत्व में छठ पूजा को देखते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया। वार्डनो द्वारा अटल घाट पर मूर्तियां ,फूल मालाएं नगर निगम कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ सफाई किया गया। पौधों की छाटाई में जो झाड़ियां पड़ी थी उसको वहां से हटवाया गया। अटल घाट को स्वच्छ बनाने के लिए पूर्ण रूप से वार्डनों द्वारा सफाई किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में पोस्ट वार्डन श्री संतोष कुमार गुप्ता ,दुर्गेश कुमार निषाद, राजकुमार अग्रवाल ,सुनील कुमार ,रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव ,श्रीमती उषा देवी, मनोज कुमार मिश्रा ,धर्मेंद्र शुक्ला, विशाल कुमार ,सुजीत कुमार उपस्थित रहे।

## अंडरवर्ल्ड पर फिल्म मुम्बई 3 का मोशन पोस्टर पहलाज निहलानी द्वारा लॉन्च

संवाददाता








**लखनऊ।** शम्स राठौड़, प्रिया राठौड़ बॉलीवुड के विख्यात निर्माता निर्देशक और सेंसर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व चीफ गेस्ट पहलाज निहलानी ने अंडरवर्ल्ड पर बन रही हिंदी फीचर फिल्म ÷मुम्बई 3÷ का मोशन पोस्टर प्रेस क्लब मुम्बई में लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्य अभिनेता शम्स राठौड़, डायरेक्टर प्रिया राठौड़, प्रोड्यूसर शाहबाज ए राठौड़, लेखक हरीश पटेल, अभिनेत्री रिद्धिमा गुप्ता, इकबाल जी और रविन्द्र अरोड़ा मौजूद रहे। कार्यक्रम के एंकर रामा मेहरा थे। जब स्क्रीन पर इसका मोशन पोस्टर दिखाया गया तो सभी ने सराहा। पहलाज निहलानी ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं यहां 14 वर्षीय यंगस्टर शम्स राठौड़ की वजह से आया हूँ जो मुम्बई 3 की बदनाम गलियों में रहा है लेकिन उसे ऐसी परवरिश मिली कि उस इलाके में रहते हुए भी उसने स्पोर्ट्स में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस फ़िल्म का कॉन्सेप्ट उसने सोचा, इस विषय पर रिसर्च किया और रियलिस्टिक सिनेमा दर्शकों को देने जा रहा है। मेरी ओर से फ़िल्म से जुड़ी पूरी टीम को शुभकामनाएं हैं। मुझे इसका मोशन पोस्टर बहुत प्रभावी लगा और शम्स का भविष्य काफी अच्छा दिख रहा है, उसमें अपार संभावनाएं नज़र आ रही हैं। फ़िल्म के निर्माता शाहबाज राठौड़ ने कहा कि यह फ़िल्म 1990 के दौर की है जब अंडरवर्ल्ड का राज था। उसी युग की सत्य घटनाओं से प्रेरित फ़िल्म मुम्बई -3 उस वक्त की राजनीति और अंडरवर्ल्ड की सांठगांठ को दिखाएगी। दरअसल इस फ़िल्म में सामाजिक सन्देश भी है कि कैसे एक बदनाम इलाके में रहने वाला भी अपनी ज़िंदगी मे कुछ बड़ा कारनामा कर सकता है। फ़िल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे शम्स राठौड़ ने कहा कि इस फ़िल्म की स्टोरी उनके पिता के आंखों देखे हालात के इर्दगिर्द घूमती है। जब लोगों ने ऐसा काम किया है तो उसे फ़िल्म में दिखाना तो गलत नहीं है। मैं इस सिनेमा में सच्चाई पेश कर रहा हूँ, संविधान में ऐसा नहीं लिखा कि सच्चाई को फिल्म के मन्ध्यम से नही दिखाया जा सकता। फ़िल्म की डायरेक्टर प्रिया एस राठौड़ ने कहा कि सबसे पहले तो हम पहलाज निहलानी जी का दिल से शुक्रिया अदा करते हैं कि वह हमारी फ़िल्म की प्रेस कांफ्रेंस में शामिल हुए और शम्स को आशीर्वाद दिया। इस फ़िल्म के गाने तैयार कर लिए गए हैं और मुम्बई 3 की रियल लोकेशन्स पर इसकी शूटिंग होगी। जल्द ही बाकी स्टारकास्ट की घोषणा की जाएगी। फ़िल्म 4 भाषाओं में 2024 के अंतिम सप्ताह में हिंदी, तमिल, तेलुगू और मल्यालम में रिलीज की जाएगी। फ़िल्म के लेखक हरीश पटेल ने कहा कि किसी ने भी अंडरवर्ल्ड और उस समय के पॉलिटिशियन के संबंधो के बारे में ज्यादा नहीं दिखाया है। हम इस फिल्म से लोगों तक वह सारी बाते पहुँचाना चाहते हैं। यह कहानी मुंबई 3 की बदनाम गलियों से निकले किरदारों के इर्दगिर्द घूमती है। फ़िल्म में शम्स राठौड़ एक क्रिकेटर का दमदार अभिनय कर रहे हैं।

# वक्फ संपत्ति पर अवैध सड़क का निर्माण उच्च न्यायालय, प्रयागराज की अवमानना



❖ जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान उप जिला अधिकारी को कार्रवाई के लिए आदेश।

संवाददाता

**बेल्थरा रोड।** बेल्थरारोड तहसील अंतगर्त ग्राम शाहपुर अफगा का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जिसमे लोकल प्रशासन की अनदेखी का मामला है। दरसल गांव के आराजी नम्बर 548 व वक्फ न .1040 जो राजस्व के अभिलेख में वक्फ़ सम्पत्ति के नाम से दर्ज है। आरोप है कि पूर्व में उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, प्रमुख सचिव राजस्व एवं जिलाधिकारी बलिया के पत्र का उप जिला अधिकारी, बेल्थरा रोड ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उप जिलाधिकारी की अनदेखी के कारण स्थानीय दबंगों द्वारा जबरिया कब्रिस्तान की जमीन पर सड़क का निर्माण कर रहे है। इस मामले में शिकायतकर्ता ने हाई कोर्ट इलाहाबाद का दरवाजा खटखटा चुका है जिसमे जिला प्रशासन ने हलफनामा देकर अतिक्रमण मुक्त बताया है और भविष्य में किसी तरह का अतिक्रमण नही होने का आश्वासन दिया है। बावजूद प्रशासन द्वारा वक्फ़ की भूमि पर अवैध तरीके से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जो कोर्ट के आदेश का अवमानना है। इस मामले में शिकायतकर्ता एवम अध्यक्ष, वक्फ वेलफेयर फोरम ने डीएम को पत्र देकर मामले की गम्भीरता को बताते हुए जांच कर दबंगो पर कार्रवाई करने की मांग किया है। लोकल प्रशासन के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री/ माननीय न्यायालय के आदेशों की हो रही है अवहेलना ।इस प्रकरण में राजस्व विभाग पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत ।

# प्रदेश भर में सरकार द्वारा एक मुफ्त समाधान योजना OTS पहले आओ पहले पाओ बहराइच जिले की जनता उठा रही है इस योजना का लाभ



संवाददाता

**बहराइच।** शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु 8 नवंबर से 31 दिसंबर तक एक मुश्त समाधान योजना शुरू की गई है।जिला बहराइच में विद्युत विभाग के सभी कार्यालय में जन जागरूकता लाए जाने का प्रयास किया जा रहा है तथा उपभोक्ताओं द्वारा इस योजना संबंधित जानकारी भी प्राप्त की जा रही है। शहर बहराइच के चौक बाजार में स्थित घंटाघर के एसडीओ विजय कुमार का इस बारे में कहना है कि सरकार द्वारा शुरू की गई एक मुश्त समाधान योजना पहले आओ, पहले पाओ के तहत लाभकारी होगीद्यउन्होंने बताया कि यह योजना तीन चरणों में 31 दिसंबर तक चलेगी।उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत समस्त विद्युत भार के उपभोक्ताओं को सरचार्ज राशि पर अधिकतम 100त्न की छूट प्रदान की गई है। साथ ही उपभोक्ताओं को उनके बकाए पर किस्तों में भुगतान की सुविधा का विकल्प भी दिया गया है। एसडीओ ने विद्युत उपभोक्ताओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# ताज नगरी में एक और मासूम को बनाया हवस के शिकार

## भाजपा नेता के दबाव में पुलिस ने लिखा चौबीस घंटे बाद मुकदमा, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता



**आगरा।** ताज नगरी में एक और मासूम को दरिंदे ने हवस के शिकार बनाया पीड़ित मासूम को लेकर इलाके थाने पहुंचा वैसे ही तहरीर तो पुलिस ने ले ली लेकिन उसके बाद पीड़ित के पिता को घर भेज दिया क्योंकि मामला भाजपा के एक नेता के नजदीकी से जुड़ा था। मामले को रफदफा करने के लिए पीड़ित को तीस हजार रूपए तक पकडाने का प्रयास किया गया लेकिन मामला मीडिया तक पहुंच ने के बाद पुलिस ने दरिंदे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। थानों में मिशन शक्ति अभियान द्वारा नारी शक्ति सुरक्षा के दावे पूरी तरह से खोखले नजर आ रहे। इसका ताजा उदाहरण ताजनगरी मे कई दिनों से लगातार महिला संबंधी अपराध की घटनाए घटित हो रही हैं इससे पुलिस के दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। बीते सप्ताह के अंदर तीसरी बड़ी वारदात सामने आयी हैं। जिससे लोगो को बेटियो की सुरक्षा के लिए सोचने को मजबूर कर दिया है। थाना एत्माददौला क्षेत्र का ताजा मामला है जहा बीते मंगलवार की दोपहर युवक ने ग्यारह वर्षीय मासूम को अपनी हवस का शिकार बना लहूलुहान अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। जैसे तैसे बदहवास हालत में घर पहुंच मासूम ने परिजनों को घटना से अवगत कराया। पीड़िता के परिजनों ने तत्काल थाना एत्माउद्दोला में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर काफी जद्दोजहद के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर लिया

**पीड़िता के परिजनों का आरोप।**

पीड़िता के पिता ने बताया कि वह घरों में रंगाई पुताई की मजदूरी करता है उसकी पत्नी व दो बेटियो साथ काम करती हैं पीड़ित थाना क्षेत्र में रहता है बीते मगलवार को भी बह मजदूरी करने गया था उसकी पत्नी और बेटियो भाई दूज के त्योहार पर अपनी मां के साथ मायके जाने को तैयार हो रही थी तभी उसे अपनी बेटी नजर नहीं पड़ी उसने इधर उधर देखा तो कुछ ही देर में उसकी बड़ी बेटी लहूलुहान व बदहवास हालत में घर लौटी व अपने साथ हुई दरिंदगी की दास्तान सुनाई। उसकी हालत देख तत्काल पत्नी ने फोन पर जानकारी दी। बेटी को गंभीर हालत में लेकर परिजनों ने थाने में जाकर पूरे मामले से अवगत कराते हुए आरोपी प्रदीप पुत्र नामालुम के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता को तत्काल मेडिकल परीक्षण व उपचार हेतु एस एन अस्पताल में भर्ती कराया जहा वह बेहोशी हालत में है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम पीड़िता के उपचार में जुटी है। पीड़िता के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है उनका कहना है कि वह बहुत गरीब हे उनको न्याय चाहिए। इधर पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में पुलिस टीम को लगा दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफतार कर लिया है। सूत्रों से जानकारी के अनुसार आरोपी युवक एक भाजपा नेता का नजदीकी रिश्तेदार बताया गया हैं।

### बीते दिनों ताज नगरी में हुई घटना

- होम स्टे मे गैंगरेप की घटना औररूफटॉप मे महिला के साथ छेड़खानी
- अब नाबालिग के साथ रेप की घटना ने महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है
- शहर के बीचों बीच आबादी क्षेत्र में लगातार होने बाली घटनाओं ने महिलाओं बेटियो की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है।
- मिशन शक्ति अभियान द्वारा नारी शक्ति सुरक्षा के दावे पूरी तरह से खोखले नजर आ रहे।
- कानून को ताक पर रखकर बेहिचक दरिंदें लगातार दरिंदगी का तांडव कर रहे हैं। और मासूमों को अपनी हवस का शिकार बना रहे हैं।

### पुलिस अधिकारियों का कहना है

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि थाना एत्माददौला क्षेत्र में ग्यारह वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता के परिजनों द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना एत्माउद्दोला में तहरीर दी है पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की पहचान कर ली। पीड़िता को एस एन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। व आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम जुटी थी। जिसमे एक आरोपी को गिरफतार कर लिया है।

**राकेश कुमार सिंह**
**ए सी पी छत्ता**

### विकलांग विभाग में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा

## रिक्सा के तीन हजार बैटरी रिक्शा के पांच हजार वसूलने के बाद वितरण




संवाददाता

**आगरा।** योगी सरकार में विकलांगो को विकलांग विभाग के कर्मचारी खुले आम लूट रहे हैं। जो उनका विरोध करते हैं उन्हें न पेंशन और न ही रिक्शा , वेटरी चलित रिक्सा उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं। विभागीय कर्मचारियों के उत्पीड़न से परेशान विकलांगो ने इसकी शिकायत मुख्य मंत्री को भेजकर की हे। इधर वरहन क्षेत्र के एक पीड़ित विकलांग ने मुख्य विकास अधिकारी को बताया कि पिछले तीन वर्ष से पेंशन, रिक्सा:, वेशाकी आदि के लिए चक्कर लगा रहा है लेकिन लिपिकों को पैसा न देने के कारण कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। वरहन क्षेत्र के राकेश विकलांग का आरोप हे कि पेंशन योजना का लाभ लेने एक हजार रुपए मांगे गए जबकि ट्राई साइकिल देने के तीन हजार मांगे गए थे न देने पर कोई सुविधा नहीं मिल सकी है। सूत्र बताते हैं कि चार हजार से अधिक ऐसे विकलांग हे जिनको पिछले तीन वर्ष से पेंशन तक नहीं मिल पा रही है। जबकि हजारो फॉर्म विभाग में पड़े हुए हैं। इधर विकलांग रोहित, विनीत, कपूर ,राजेश, राजेंद्र सहित दर्जनों ने मुख्य मंत्री को ज्ञापन भेजकर विकलांग विभाग में भ्रष्टाचार करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा सरकारी योजना का लाभ देने की मांग की है।

## एक नज़र

### जिले के मतदाता भयमुक्त होकर करें मतदान- जिला निर्वाचन अधिकारी

### मतदान के लिए शहडोल तैयार

जिले में 781004 मतदाता करेंगे मतदान, मतदान हेतु तैयारियां पूर्ण

संवाददाता



**शहडोल।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिले के तीनों विधानसभा जैतपुर, ब्यौहारी एवं जयसिंहनगर के अंतर्गत बनाए मतदान केंद्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ अन्य सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना वैद्य ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि 17 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता अपने मतदान केंद्र जाकर मतदान अवश्य करे और भयमुक्त होकर मतदान करें। उन्होंने कहा है कि मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं। मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ अन्य मतदाताओं को भी मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करें। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में जिले में कुल मतदाता 781004 जिसमें पुरूष 397908 एवं महिला मतदाता 383087 एवं 9 मतदाता शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 966 मतदान केंद्र बनाए गए है जिसमें 559 मतदान केंद्रों में वेब-कास्टिंग की सुविधा होगी, जिले में 218 क्रिटिकल मतदान, 8 वल्नरेबल मतदान केंद्र, 32 आदर्श मतदान केंद्र महिला पोलिंग स्टेशन 58, युवा मतदान केंद्र एवं पीडब्ल्यूडी वोटर हेतु 3-3 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश बॉर्डर अंतरराष्ट्रीय मीटिंग हुई संपन्न

प्रमुख संवाददाता शहडोल विवेक दुबे कि रिपोर्ट



**शहडोल।** आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए दिनांक 15 11 2023 को मतदाता दिवस के 48 घंटे पहले बॉर्डर सीलिंग हेतु की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में अंतर राज्य संबंध बैठक का वर्चुअल रूप से आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों में पुलिस अधीक्षक सम्मिलित हुए उक्त बैठक के दौरान शहडोल पुलिस अधीक्षक श्री कुमार प्रतीक एवं पुलिस अधीक्षक अनूपपुर व सीधी सिंगरौली मध्य प्रदेश एवं पुलिस अधीक्षक जिला मणिनगर चिरमिरी भारतपुर छत्तीसगढ़ वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे बैठक में सीमावर्ती क्षेत्र में 48 घंटे पूर्व की कार्यवाही बॉर्डर सीलिंग करने अवैध शराब मादक पदार्थों की तस्करी और विषयों पर चर्चा करते हुए थाना प्रभारी और एसडीओ को कार्यवाही के लिए संयुक्त दिशा निर्देश दिए गए।

### चंबल के बीहड़ में डाकुओं की दस्तक, पांच असलाहधारी सुंदरियां भी दिखीं साथ

**आगरा।** चंबल के बीहड में डाकुओं के गिरोह ने दस्तक दे दी है। इस गिरोह में पांच महिला डाकू भी नजर आई। एक चरवाहे ने इन्हें देखा तो टोक दिया। जिसके बाद डाकुओं की टोली ने चरवाहे की बेल्ट और बंदूक की बटों पिटाई की। आगरा के पिनाहट क्षेत्र के गांव पडुआपुरा के समीप चंबल के बीहड़ में डकैत गिरोह की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत है। गिरोह के बदमाशों ने एक चरवाहे को टोकने पर उसे बेल्ट और बंदूक की बटों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घायल युवक घर पहुंचा और परिजन को घटना की जानकारी दी। इसके बाद गांव वाले बीहड़ में डकैतों की खोजबीन के लिए गए, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने मामले को संदिग्ध बताया। पडुआपुरा गांव निवासी सिंटू ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह चंबल के बीहड़ में लकड़ी काटने एवं पशुओं को चराने के लिए गया था। लकड़ी काटने के दौरान एक खाई के अंदर 15 असलहेधारी बैठे दिखे। जिसमें पांच महिलाएं भी थीं। गिरोह के सदस्यों को टोकने पर डकैतों ने चरवाहे को पकड़ लिया और पूछताछ करने के बाद बेल्ट एवं बंदूक की बटों से उसकी जमकर पिटाई की। महिलाओं ने भी बूटों से उसे पीटा। लहूलुहान करने के बाद उसे वहीं छोड़कर गिरोह आगे के लिए निकल गया। घायल युवक किसी तरह गांव पहुंचा और परिजन को घटना के बारे में बताया। इससे लोग सहम उठे। ग्रामीण एकत्रित होकर लाठी डंडे, कुल्हाड़ी, बल्लम, बंदूकें आदि लेकर बीहड़ में गिरोह की तलाश में निकले और पुलिस को भी सूचना दी। आरोप है कि पुलिस गांव में नहीं पहुंची। पूरा दिन ग्रामीणों ने बीहड़ में डकैतों की जानकारी करते रहे, लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं सूचना देने के बाद भी पुलिस के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है। चंबल के बीहड में दस्यु गिरोह की दस्तक से चंबल किनारे बसे गांव में दहशत फैल गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनाव के चलते घने जंगलों और पहाड़ियों में रहने वाले दस्यु गिरोह पुलिस प्रशासन की कार्रवाई की डर से चंबल बीहड़ में घुस आए हैं।

# आगरा मंडल के छावनी और मथुरा जं. रेलवे स्टेशनों पर खुलेंगे जन औषधि केंद्र

❖ रेलवे स्टेशन पर मिलेंगी दवाईया , जिससे रेल यात्रियों को मिल सकेगी बेहतर सुविधा

संवाददाता



**आगरा।** रेल यात्रियों को रियायती दर पर दवाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने रेल स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोलने का फैसला किया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत जन औषधि केंद्र अभी देश के 50 स्टेशनों पर खोले जाएंगे। जिसमे आगरा मंडल के छावनी और मथुरा जं. रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केंद्र खोले जायेंगे । स्टेशन परिसर में ही आउटलेट खोले जाएंगे ताकि यात्रियों के साथ-साथ स्टेशन तक आने-जाने वाले लोगों को भी सुविधाजनक तरीके से दवाएं मिल सके। लाखों दैनिक आगंतुकों और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, भारतीय रेलवे अपने स्टेशनों पर लगातार सुविधाओं और सुविधाओं का उन्नयन कर रहा है । यात्रियों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं। जन औषधि केंद्र के जरिए सस्ती दर पर गुणवत्ता वाली दवाएं स्टेशनों पर उपलब्ध कराने की इस पहल से यात्रियों एवं स्टेशनों पर आने-जाने वाले लोगों को आसानी होगी। यह रोजगार बढ़ाने का भी एक अच्छा साधन है। प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र स्टाल के लिए आगरा छावनी के सर्कुलेटिंग एरिया में 120 वर्गफुट स्थान एवं मथुरा जं स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के कॉनकोर्स एरिया में 120 वर्गफुट स्थान चयनित किया गया है। जन औषधि केंद्र योजना के तहत आउटलेट खोलने का लाइसेंस दिया जाना है। आगरा मंडल के छावनी और मथुरा जं. रेलवे स्टेशनों के जन औषधि केंद्र स्टॉल, आईआरईपीएस के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा 03 वर्ष के लिए प्रदान किए जाएंगे । सफल बोलीदाताओं को दवा की दुकान चलाने के लिए आवश्यक अनुमति और लाइसेंस प्राप्त करना होगा। दवाओं के भंडारण के लिए भी मानकों को पूरा करना होगा।इनका आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से आज समय 11:00 बजे से 11:30 बजे तक आगरा छावनी स्टेशन एवं प्रात 11:10 से 11:40 तक मथुरा जंक्शन स्टेशन का किया जाएगा द्य बिडर आईआरईपीएस पर अपना पंजीकरण कराते हुए आवेदन कर सकते हैं।

### मौसम हुआ सर्द हड्डियां करने लगीं दर्द

**आगरा।** डॉक्टर साहब, डेढ़ साल पहले बाइक से गिर गया था। अब सर्द मौसम में दर्द बढ़ गया है। जोड़ों में जकड़न और मांसपेशियों में भी दर्द है। एसएन मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ गई है। रोजाना 25-30 मरीज ये परेशानी बता रहे हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. अमृत गोयल ने बताया कि ओपीडी में रोजाना 320-340 मरीज आ रहे हैं। इनमें से जोड़ दर्द, घुटनों में सूजन, मांसपेशियों में दर्द, पुरानी चोट का दर्द उभरने की परेशानी वाले मरीजों की संख्या 15 फीसदी बढ़ गई है। पुरानी चोट में कूल्हे में दर्द, कमर में दर्द, कंधों में दर्द की परेशानी बता रहे हैं। अधिकांश युवा हैं, जो पूर्व में सड़क हादसे या फिर किसी वजह से चोटिल हो गए थे।

# कम्पनी ज़मीन पर दबंगो ने फिर से किया कब्ज़ा

**अवार्ड**

**हरी पर्वत में मुकदमा दर्ज, फिर भी पुलिस नही कर रही कार्यवाही।**

संवाददाता

**आगरा।** थाना ताज गंज क्षेत्र के अंतर्गत रमाडा के पास इनर रिंग रोड पर 1750 गज ज़मीन को गोविन्द बेंच प्राइवेट लिमिट ने करोड़ों रुपए में खरीदी थी भुगतान के बाद बैनामा भी करा लिया उसके बाद दवगो ने कंपनी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। इसकी शिकायत पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया है लेकिन पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही हे। इससे क्षुब्ध कंपनी के स्वामी ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। बताते हैं कि 2021 मे सुखराम शर्मा और उसके दामाद कुलदीप पाठक सहित 6 लोगो ने कंपनी को जमीन बेचीं थी इस दौरान दो बेनामो के तहत 1750 वर्ग मीटर ज़मीन 31जुलाई 2023 को सुखराम शर्मा और कुलदीप पाठक ने अपने साथियो ने करोड़ों रुपए लेकर वेनामा किया था इसके बाद इस ज़मीन पर दबंगई से पुन कब्ज़ा कर लिया गया है। कुलदीप पाठक नामक व्यक्ति का कहना हैं कि प्रदेश के बड़े माननीय का रिश्तेदार हैं जिसके कारण पुलिस कार्यवाही नहीं कर पा रही है इन लोगो के खिलाफ मथुरा से तेल माफिया कुलदीप पाठक और चार हत्यायो के अलग अलग मामलो मे भी आरोपी बताया गया है पीड़ित ने मुकदमा तो दर्ज करा दिया है लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही माननीय के दबाव में नहीं कर रही हैं। पीड़ित ने लखनऊ जाकर डीजीपी और मुख्य मंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

# 4 दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ आज से

## घाटों की नही हुई सफाई और प्रकाश की व्यवस्था




संवाददाता

**आगरा।** दिपावली के छह दिन बाद आस्था का महापर्व छठ मनाया जाता है. वैसे तो छठ का त्योहार पूरे भारत में धूमधाम से मनाते हैं लेकिन बिहार, झारखंड, बंगाल, यूपी में इसकी छटा कुछ अलग ही होती है. छठ का महापर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है, ये सूर्य भगवान और षष्ठी माता को समर्पित है. छठ पूजा में संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए महिलाएं और पुरुष 36 घंटे का निर्जला व्रत रखते हैं. छठ का महापर्व कल से शुरू हो रहा है इस पर्व में डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य.दिया जाता है!

### प्रमुख घाटों की सफाई कराने की मांग

छठ पूजा आयोजन समिति पदाधिकारियो ने शहर की यमुना नदी के प्रमुख घाटों पर मां कामाख्या के चरण सेवक मुन्ना मिश्रा शंभु नाथ चौबे अनिल कुमार मिश्रा अंकुर श्रीवास्तव रवि चौवे आदि पदाधिकारियों ने कैलाश महादेव घाट का निरीक्षण किया और निगम से शीघ्र लाईट व्यवस्था के साथ सफाई कराने की मांग की ! मुन्ना मिश्रा ने बताया की छठ पूजा शहर में बड़े पैमाने पर होती है जिसका शुभारंभ कल से शुरू हो रहा है!

### छठ पर्व का कल से शुरू

छठ का त्योहार कल से 20 नवंबर तक मनाया जाएगा. छठ का पर्व चार दिन तक चलता है. नहाय खाय से इसकी शुरुआत होती है, फिर दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य और चौथे दिन उगते सूर्य को जल चढ़ाया जाता है. छठ पूजा 19 नवंबर 2023 को है।

### छठ महापर्व के पूजा महत्व

छठ पूजा में भगवान सूर्य और छठी मय्या की उपासना करने का विधान है. मान्यता है जो इस महापर्व में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर नियमों का पालन करते हुए विधि विधान से इनकी आराधना करता है उन्हें संतान सुख, बच्चे को बेहतर स्वास्थ, सूर्य के समान तेज, बल प्राप्त होता है। षष्ठी देवी से बच्चों पर आने वाले हर संकट का नाश होता है. कहते हैं इस पर्व को सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके शुरू किया था. मान्यताओं के अनुसार वह घंटों पानी में रहकर भगवान सूर्य की आराधना करते थे. जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें सूर्य की कृपा से ही महान योद्धा बनने का अवसर प्राप्त हुआ

# हाथियों की सेवा कर रहे भारत के पहले हाथी अस्पताल के पांच साल पूरे !

संवाददाता



**आगरा।** भारत का पहला हाथी अस्पताल, जो मथुरा में स्थित है, बचाए गए हाथियों के लिए उन्नत चिकित्सा देखभाल प्रदान कर रहा है। नवंबर 2018 में स्थापित, यह अस्पताल हाथियों की देखभाल और संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर काम कर रहा है। पिछले आधे दशक में, मथुरा स्थित वाइल्डलाइफ एस.ओ.एस के हाथी अस्पताल परिसर ने अपनी चिकित्सा सुविधाओं को लगातार उन्नत किया है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि केंद्र में रह रहे हाथियों को विश्व स्तरीय देखभाल प्रदान की जा सके। अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरण मौजूद हैं, जिनमें डिजिटल एक्स-रे मशीन, डेंटल एक्स-रे मशीन, फोटोबायोमॉड्यूलेशन थेरेपी यूनिट, अल्ट्रासोनोग्राफी उपकरण शामिल है। दर्द से राहत प्रदान करने के लिए एक हाइड्रोथेरेपी पूल और हाथियों की गितिविधियों पर चौबीसों घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी के साथ एक ऑब्जरवेशन डेक भी शामिल है। इन वर्षों में, हाथी अस्पताल ने वृद्ध हाथियों की देखभाल और उनसे जुड़े उपचार में विशेषज्ञता हासिल की है। अस्पताल में परीक्षण के लिए हेमेटोलॉजी और पैथोलॉजी लैब भी शामिल है। पांच वर्षों में, हाथी अस्पताल ने 20 से अधिक हाथियों को देखभाल प्रदान की है। उनमें से, सबसे हाल में रामा, एक मखना हाथी है, जिसका उपयोग उसके मालिकों द्वारा भीख मांगने और शादी के जुलूसों में किया जाता था। वन विभाग के आदेश पर उपचार के लिए लाए गए, रामा की एक्स-रे में रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर का पता चला, जिसका वर्तमान में अस्पताल में इलाज चल रहा है। रामा के अलावा, हाथी अस्पताल ने अन्य जरूरतमंद हाथियों की भी सहायता की है, जिनमें भारत की सबसे दुर्बल हथिनी लक्ष्मी जैसे गंभीर रूप से कुपोषित हाथी भी शामिल है। हाथियों के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए, अस्पताल में दुनिया भर के पशु चिकित्सकों, देखभाल करने वालों और जीवविज्ञानियों के लिए एक ऑब्जरवेशन डेक भी है, जहां वे हाथियों की पशु चिकित्सा देखभाल का अवलोकन कर सकते हैं। वाइल्डलाइफ एस.ओ.एस के डायरेक्टर कंज़रवेशन प्रोजेक्ट्स, बैजूराज एम.वी ने कहा, ÷अस्पताल को घायल, बीमार या वृद्ध हाथियों के इलाज के लिए डिज़ाइन किया गया है जहां गंभीर देखभाल की आवश्यकता वाले हाथियों को उठाने और उनके इलाज के लिए एक मेडिकल होइस्ट भी है। इस सुविधा में डिजिटल वजन मापने की मशीन के साथ-साथ लंबी चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए एक समर्पित डॉक्टरों की टीम शामिल है। डॉ. एस.इलियाराजा, उप-निदेशक-पशु चिकित्सा सेवाएं, वाइल्डलाइफ एस.ओ.एस ने कहा, ÷हाथी अस्पताल ने रामा के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रामा का वर्तमान में शरीर पर कई सेप्टिक घावों का इलाज चल रहा हैं, और हमें उम्मीद है की हाइड्रोथेरेपी का उपयोग उसके दर्द को कम करने में सहायक रहेगा। वाइल्डलाइफ एस.ओ.एस के सह-संस्थापक और सी.ई.ओ, कार्तिक सत्यनारायण ने कहा, ÷कैप्टिव हाथियों को अक्सर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, और पुनर्वास के बाद भी, वे अपने दीर्घकालिक कल्याण के लिए मानव देखभाल पर निर्भर रहते हैं। एलीफेंट हॉस्पिटल इस महत्वपूर्ण देखभाल को सुविधाजनक बनाने और इन हाथियों के उज्जवल भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वाइल्डलाइफ एस.ओ.एस की सह-संस्थापक और सचिव, गीता शेषमणि ने कहा, ÷हाथियों को बचाने और उनके पुनर्वास के हमारे दशकों के अनुभव में, हमने इनको व्यापक देखभाल प्रदान करने में गहन अंतर्दृष्टि प्राप्त की है। हाथी अस्पताल इस दिशा में एक कदम है, जो दुनिया भर में हाथियों को वैज्ञानिक चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा देता है।

### सड़कों के निर्माण में ठेकेदार ने किया बड़ा खेल, लगाया गया 13 लाख रुपये का जुर्माना

**आगरा।** नगर आयुक्त ने इंटरलॉकिंग टाइल्स और सड़कों के निर्माण में गड़बड़ी पर कार्रवाई की। 13 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जो ठेकेदारों के भुगतान से ही काटा जाएगा। आगरा की नगर निगम सीमा में वित्त आयोग से मिले बजट से बनाई जा रही सड़कों और इंटरलॉकिंग टाइल्स से हो रहे गलियों में निर्माण कार्य में गड़बड़ी पर 13 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने खामियों पर यह कार्रवाई की है। ठेकेदारों के भुगतान से ही यह कटौती की जाएगी। नगर निगम ने हाल में ही 33 जगहों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स और डामर रोड का निर्माण कराया है। नगर आयुक्त ने गुणवत्ता की जांच और निरीक्षण कराया तो कुछ जगहों पर खामियां मिलीं, जिन पर अलग अलग मामलों में कुल 13 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह धनराशि भुगतान में ही काट ली जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में मनाया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस

संवाददाता

**स्योहारा-बिजनौर।** दिनाँक 16 नवंबर 2023 दिन गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनोर में शासन के आदेशों के क्रम में गाइड लाइन के साथ मे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया।इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की जाँच की गई और उनको आवश्यक सेवाएं ओर दबाए आयरन ओर कैल्शियम की गोलियां उपलब्ध कराई गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा जनपद बिजनोर के अधीक्षक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 बी0 के0 स्नेही ने बताया कि शासन के आदेशों के तहत अब प्रत्येक माह में 4 बार 1,9,16 ओर 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सभी गर्भवती महिलाओं की योग्य चिकित्सकों के द्वारा जांच की जाती हैं। इसी क्रम में आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस



मनाया गया ।इसमें हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की भी जांच की गई और उनको उचित जांचे ,इलाज ओर दवाएं मुहैया कराई गई।सभी गर्भवती महिलाओं को बताया जाता है कि बो बहुत खास है।जोखिम बाली गर्भवती महिलाओं को स्क्रीनिंग किया जाता है ताकि उनको समय पर रेफेरल हाई सेंटर पर किया जा सके।और जच्चा ओर बच्चा को सुरक्षित बचाया जा सके।डॉ 0स्नेही ने बताया कि हरवार की तरह इस बार भी राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशों के तहत आज पहिली बार जांच कराने आई महिलाओं को अब अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी दी जाने लगी है। डॉ0सिसोदिया हॉस्पिटल स्योहारा में ये निःशुल्क में रजिस्ट्रेशन के बाद हो रहा है। नई पंजीकरण गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में भी पंजीकृत किया गया है। इस योजना के तहत महिलाओं को पहली बार माँ बनने पर ओर बच्चे के पैदा होने पर प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना के अन्तर्गत तीन किश्तों में रुपये 6000 रुपये की धनराशि लाभार्थी को देय है साथ ही दूसरी बार मे गर्भवती होने पर बच्ची पैदा होती है तो 5000 रुपये ओर अतिरिक्त देय होगा।डा0 स्नेही ने बताया कि हर गर्भवती महिला को जैसे ही पता चले की बो गर्भवती है तो तत्काल सरकारी होस्पिटल में आकर दिखाए ओर रजिस्ट्रेशन कराए ओर समय पर ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट,ब्लड प्रेशर, हेमोग्लोबिन, बजन , आजकल खून टेस्ट ओर अल्ट्रासाउंड की जांच अवश्य कराए ताकि जोखिम भरी स्थिति को पहचाना जा सके और समय सीमा में उपचार किया जा सके।जोखिम भारी स्थितियों से निपटने के लिए ही हर तिमाही पर अपनी जांचे अवश्य कराए।ओर अपनी गर्भावस्था में कम से कम 4 जांचे अवश्य कराए ओर टेटनस की दो इंजेक्शन अवश्य लगवाए।डॉ0 स्नेही ने बताया कि किसी भी गर्भवती महिलाओं में निम्न खतरे के लक्षण जैसे तेज बुखार, योनि से श्राव ,त्वचा में पीलापन,तेज सिर दर्द, ओर धुंधला दिखना,उच्च रक्तचाप, योनि से रक्तस्राव ,दौरे पड़ना, हाथों पांवों ओर चेहरे में सूजन आना,भ्रूण का न हिलना ओर कम हिलना ,आदि मिलने पर उसे सतर्क हो जाना चाहिए और तत्काल पास के सरकारी अस्पताल में जाकर योग्य चिकित्सक को दिखाना चाहिए।ओर चिकित्सक द्वारा बताई गई बातों पर अमल करना चाहिए।शासन द्वारा मातृ ओर बाल म्रत्यु दर में कमी लाने के लिए भरसक प्रयाश किये जा रहे है। ऐसी स्थितियों से निपटने के लिये 102 ओर 108 एम्बुलेंस सेवा का निःशुल्क प्रयोग करना चाहिए।अपने ब्लॉक स्योहारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा मे डॉ0 रहमत जंहा महिला आयुष चिकित्सक संबिदा के पद पर तैनात है और जो नियमित एच आर पी में सेवाएं मुहैया कराती है ।अति गंभीर और गंभीर एनीमिया की महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन भी लगाए गए । ओर आयरन व कैल्शियम की गोलियां वितरित की गई।इस दौरान डॉ0विनय कुमार सैनी , बीपीएम प्रमोद कुमार शर्मा, बीसीपीएम सुधीर कुमार,एलटी देवेंद्र, आरती और फार्मासिस्ट हरीश रोहियाल, योगेश कुमार,प्रदीप रावत, और प्रतिभा स्टाफ नर्स ओर ज्योति वार्ड आया भी उपस्थित रही।

# राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब मोहम्मदी के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पत्रकारों को किया सम्मानित






संवाददाता

**मोहम्मदी लखीमपुर खीरी।** प्रेस क्लब मोहम्मदी की मासिक बैठक नगर पालिका सभागार में विमल सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई।प्रेस क्लब अध्यक्ष शिवम राठौर ने राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस पर सभी पत्रकारों को बधाई दी अध्यक्ष ने वरिष्ठ पत्रकार प्रेस क्लब मोहम्मदी के संरक्षक सुभाष गुप्ता एवं हरवंश सिंह को सम्मानित करने का निर्णय लिया जिस पर सभी पदाधिकारी ने सहमति जताई। वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित कर प्रेस क्लब मोहम्मदी के पदाधिकारी ने दीर्घायु की कामना की।वरिष्ठ पत्रकार सुभाष गुप्ता,हरबंस सिंह ने प्रेस क्लब मोहम्मदी के पदाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चंद्र सिंह महामंत्री तनवीर मोहम्मद इलियास अश्वनी राजपूत सिदाकत मंसूरी रियासत अली फिरोज मंसूरी अमित सिंह अर्जुन राठौर शुभम कुमार जाकिर खान इमरान मंसूरी गोपाल कृष्ण मिश्रा शादाब खान शमशाद खान बबली शारिब अली मोहम्मद असलम राजा तौहीद खान प्रेस क्लब मोहम्मदी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नज़र

### गायत्री महायज्ञ से पहले कस्बे में निकली कलश यात्रा

**लखीमपुर खीरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज नारी सशक्तीकरण वर्ष मना रहा है। इसके तहत बृहस्पतिवार को बेलरायां कस्बे के क्लेश हरण मंदिर परिसर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इसके लिए गायत्री परिवार की महिलाओं ने कस्बे में कलश शोभायात्रा निकाली। महायज्ञ का समापन सामूहिक विवाह संस्कार के साथ रविवार को होगा। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया कि कलश यात्रा आयोजन स्थल की यज्ञशाला से शुरू हुई। यात्रा में शामिल महिलाओं ने मोतीपुर गांव पहुंचकर सरयू नदी का जल कलश में भरकर आयोजन स्थल पहुंची। इसमें भैरमपुर, हरद्वाही, तकियापुरवा, मोतीपुर, निंबौरिया, उमरा, चितिहा, बनवीरपुर, भूलनपुर आदि कई गांव की हजारों महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर शामिल हुई। पीले वस्त्रों में पीले कलश सिर पर रखकर निकली महिलाओं से माहौल भक्तिमय हो गया। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के साथ नेहरू कन्या इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने भी सहयोग दिया। शांतिकुंज से आए टोली नायक योगेश पटेल,विकास भाई ब्रह्मभट्ट, महादेव, मानू कुमार एवं अरुण वरवड़े ने कलश पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। यज्ञ आयोजन मंडल के लक्ष्मीनारायण वर्मा ने बताया चार दिवसीय आयोजन में रोजाना 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं अन्य संस्कार होंगे। 18 नवंबर की सुबह युवा सम्मेलन और शाम को दीप महायज्ञ होगा। रविवार 19 नवंबर को पूर्णाहुति के साथ सामूहिक विवाह संस्कार के साथ समापन होगा। कलश यात्रा में लक्ष्मी नारायण वर्मा, शिरोमणि शुक्ला, सुरेश दिनकर, अवधेश वर्मा, खजानपाल, छोटेलाल वर्मा, रमाकांत दिनकर, धनंजय वर्मा, छोटेलाल वर्मा, ममता वर्मा, ऊषा वर्मा आदि मौजूद रहीं।

### राजापुर क्रॉसिंग बंद होने से हर तरफ जाम

**लखीमपुर खीरी।** शहरवासियों को जाम के झाम से निजात नहीं मिल पा रही है। ओवरब्रिज से लेकर नहर पटरी तक पर जाम से जूझना पड़ रहा है। बृहस्पतिवार की शाम ओवरब्रिज पर लंबा जाम लगा। डान बास्को स्कूल के पास नहर पटरी पर वाहनों को दो-दो मिनट रोककर यातायात का संचालन किया गया। एक दिशा के वाहनों को रोककर दूसरी ओर से आने वाले वाहनों को निकाला गया। गलत लेन और नियमों की अनदेखी करने वाले 50 वाहन चालकों का चालान किया गया है। राजापुर क्रॉसिंग बंद होने से नहर पटरी और राजापुर चौराहे से शहर के अंदर आने वाली सड़क पर वाहनों की आवाजाही बढ़ी है। एलआरपी और छाउछ चौराहे की ओर से आने वाले वाहन चालक नहर पटरी का रास्ता पकड़ रहे है। वाहनों की आवाजाही और नियमों की अनदेखी जाम कारण बन रही है। ओवरब्रिज ढलान और डान बास्को स्कूल के पास नहर पटरी पर जाम की स्थिति से निपटने को यातायात पुलिस ने नई व्यवस्था शुरू की है। बृहस्पतिवार को डान बास्को स्कूल के पास नहर पटरी पर वाहनों को दो-दो मिनट रोककर आगे बढ़ाया गया। राजापुर से आने वाले वाहनों को रोककर शहर के अंदर से आ रहे वाहनों को आगे भेजा गया। गलत लेन और नियमों की अनदेखी कर रहे वाहनों पर कार्रवाई की गई। उधर, शाम के समय रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज की स्थिति बनी। वाहनों की लंबी कतार लग गई। वाहन चालक रेंग-रेंग कर आगे बढ़ते दिखे। यातायात एसआई मनीष पाठक ने बताया कि गलत लेन में चलने वाले करीब 50 वाहनों का चालान किया गया।

### 31 तक भुगतान नहीं तो गन्ना सप्लाई बाधित करेंगे किसान

**पलियाकलां।** बृहस्पतिवार से चीनी मिल शुरू हो गई है, जिसके बाद किसानों ने भी अपना बकाया गन्ना भुगतान मांगना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि 31 नवंबर तक पुराना 118 करोड़ का भुगतान नहीं मिलता है तो किसान एक दिसंबर से चीनी मिल में सप्लाई बाधित करेंगे। इसको लेकर ज्ञापन में किसान ने मिल के यूनिट हेड को दिया है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले चीनी मिल पहुंचे किसानों ने यूनिट हेड ओपी चौहान को ज्ञापन सौंपा है। इसमें कहा गया है कि सत्र 2022-23 का अभी तक 118 करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। चीनी मिल के अधिकारियों ने कहा था कि एनसीएलटी क्लियर हो जाने के बाद किसानों का संपूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा। इससे किसानों में रोष है। वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए 30 नवंबर तक संपूर्ण 118 करोड़ का भुगतान करने की मांग मिल के अधिकारियों से किसानों ने की है। भुगतान न होने पर एक दिसंबर से गन्ना सप्लाई बाधित करने की चेतावनी भी दी गई है। इस दौरान संगठन के तहसील अध्यक्ष तरसेम सिंह, विकास कपूर, सुखदेव सिंह, गुरमेल सिंह, राजा सिंह, जितेंद्र सिंह समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### चीनी मिल चालू न होने से नाराज किसानों ने किया घेराव

**निघासन।** सरजू सहकारी चीनी मिल के चालू ना होने से नाराज किसानों ने बृहस्पतिवार को मिल का घेराव किया। इस दौरान जीएम और किसानों के बीच नोकझोंक भी हुई। जीएम के 25 नवंबर तक चीनी मिल चालू करने के आश्वासन पर लोग शांत हुए। निवर्तमान चीनी मिल उपाध्यक्ष अमन दीप सिंह की अगुवाई में किसान ट्रैक्टर, ट्राली और बाइक से चीनी मिल पहुंचे। वहां सीसीओ और चीफ इंजीनियर पर समय से मरम्मत ना कराने का आरोप लगाया। किसानों ने बताया कि गन्ने की फसल खेत में खड़ी है। देर से चीनी मिल चालू होने से किसान अपने खेतों में गेहूं और सरसों नहीं बो पाते। पेड़ी का गन्ना जनवरी तक निकलता है। किसान कोल्हू और क्रशर पर सस्ते दामों पर बेचने को मजबूर है। पिंटू, दामोदर, जग्गा आदि का आरोप है कि चीनी मिल प्राइवेट मिलों और क्रशर मालिकों से मिलकर चीनी मिल नहीं चला रही है। उधर, चीनी मिल निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह ने कहा कि 25 नवंबर तक यदि चीनी मिल चालू नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# भाजपा कार्यालय पर बीडीसी प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर बैठक आहूत

संवाददाता




**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बीडीसी प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर ?जिला योजना बैठक आहूत की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता उपस्थित रहे बैठक का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा किया गया बैठक में जिला पदाधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बीडीसी प्रशिक्षण के लिए पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक स्तर पर जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षित कर मजबूत जनतंत्र बनाने के लिए प्रयासरत है इसी क्रम में बीडीसी जो कि ब्लॉक स्तर की मजबूत इकाई है को भारतीय जनता पार्टी प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है इससे जहां बीडीसी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही जनता और प्रतिनिधि के बीच विकास का मार्ग भी सुगम होगा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जनता के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है और निरंतर संगठनात्मक दृष्टि से यह प्रयास किया जा रहा है की अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के समस्त मार्ग प्रशस्त हो। इसी क्रम में बीडीसी प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन नैमिष रतन तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर,रमेश भार्गव,रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, नीरज वर्मा झल्लर,राजेश्वर रस्तोगी, जिला मंत्री उदित बाजपाई, जया सिंह,राजकुमार अग्रवाल, आईटी संयोजक प्रखर जैसवाल, सोशल मीडिया संयोजक सुभम पाण्डे ।

# बेहोश कर पिंजरे में कैद की गई हमलावर बाघिन

संवाददाता

**बांकेगंज।** मैलानी रेंज में जंगल से सटे बासुकपुर गांव में युवक को बाघ नहीं, बाघिन ने मारा था। वन कर्मियों और पशु चिकित्सकों की टीम ने बृहस्पतिवार शाम करीब छह बजे शिकार को खाने के लिए गन्ने के खेत से निकलते ही ट्रैंक्युलाइजर गन से पहले ही शॉट में बेहोश कर दिया। उसे पिंजरे में बंद कर दिया गया है। दुधवा टाइगर रिजर्व के एफडी ललित वर्मा ने बताया कि मैलानी रेंज की ग्रंट नंबर बीट से सटे बासुकपुर गांव आबादी के पास गन्ने के खेत में छिपी बैठी बाघिन को बेहोश करने की अनुमति पीसीसीएफ वन्यजीव से मांगी गई



थी। अनुमति मिलने के बाद बृहस्पतिवार सुबह दो पशु चिकित्सक डॉ. दया शंकर और दीपक, वनाधिकारियों और वन कर्मियों की टीम मौके पर भेज कर उसे रेस्क्यू करने की कोशिश में जुट गए। उनकी मेहनत रंग लाई और शाम छह बजे करीब पशु चिकित्सकों की टीम ने नियमानुसार उसे रेस्क्यू किया गया। बाघिन की उम्र पांच साल के करीब बताई गई है। एफडी ने बताया रेस्क्यू की गई बाघिन को मैलानी रेंज परिसर ले जाया गया है। जहां पशु चिकित्सकों की टीम से उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा जाएगा। इसके बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। उधर बाघिन के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# स्वावलम्बी पूर्व छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** विद्या भारती विद्यालय पं0 दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कालेज (यू.पी. बोर्ड) लखीमपुर खीरी में स्वावलम्बी पूर्व छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुरेश कुमार सिंह सीतापुर सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक ने माॅ सरस्वती के आगे दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। सम्भाग निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह नें मुख्य अतिथि की भूमिका में पूर्व छात्रों का मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम में अक्ष्यक्ष के रूप में पूर्व छात्र भैया अतुल कुमार वर्मा, सचिव के रूप में पूर्व छात्र भैया डा0 जयराम व सह सचिव के रूप में पूर्व छात्र भैया डा0 आनन्द गुप्ता का सर्वसम्मित से मनोयन हुआ। डा0 जयराम नें पूर्व छात्रों द्वारा विद्यालय व विद्या भारती के प्रति प्रत्येक प्रकार से सहयोग करने के लिए सभी पूर्व छात्रों का आवहन किया। पूर्व छात्र भैया उज्ज्वल श्रीवास्तव व भैया अंकित तिवारी नें भजन सुनाकर सभी का मन मोह लिया। पूर्व छात्र भैयाओं नें संस्मरण सुनाये उन्होंने बताया कि आज 2005 के बाद विद्यालय में आ कर वैसा ही अनुभव हो रहा है जैसे हम पढ़ने के लिए आया करते थे दिल में एक ऐसी खुशी की अनुभूति हो रही है जिसको बयान नहीं किया जा सकता है। विद्यालय के प्रबन्धक श्री विमल अग्रवाल जी, सदस्य श्री अजय कुमार शुक्ल जी व बालिका विद्या मन्दिर की प्रधानाचार्या श्रीमती शिप्रा बाजपेयी जी नें कार्यक्रम में पूरे समय उपस्थित रहकर छात्रों के संस्मरण व सुझावों को आत्मसात किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी नें पूर्व छात्र परिषद की उपादेयता पर प्रकाश डाला। विद्यालय के सह प्रबन्धक श्री रवि भूषण साहनी जी नें सभी के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए छात्रों से शिक्षा के ऋण को अपनी सेवाओं द्वारा उऋण होने की बात सुझायी। पूर्व छात्र भैया उत्कर्ष शुक्ला एवं पूर्व छात्र प्रमुख आचार्य श्री सर्वेन्द्र कुमार अवस्थी जी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## युवक को मौत के घाट उतारने वाले बाघ को वन विभाग टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ा गया।



संवाददाता

**बांकेगंज खीरी।** वन विभाग टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटे बाद पकड़ा गया बाघ। मैलानी वन क्षेत्र की जटपुरा रेंज में बुधवार को जिस बाघ ने खेत पर गए युवक नरेंद्र पुत्र राजाराम निवासी बासुकपुर पर हमला करके मौत के घाट उतार दिया था काफी मशक्कत करने के बाद बृहस्पति वर शाम करीब छ बजे खूंखार बाघ को ट्रेंकोलाइजिंग करके पकड़ लिया गया उसके बाद ग्रामीणों एवं वन विभाग की टीम द्वारा बेहोशी की अवस्था में बाघ को पिंजरे में बंद कर दिया गया बाघ के पकड़े जाने से ग्रामीणों में दहशत कम हुई है लेकिन कुछ ग्रामीणों का कहना है कि अभी भी क्षेत्र में कई बाघ मौजूद है जो रात के समय गन्ने के खेत में दहाड़ लगते हैं। वनरक्षक सागर कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया की बाघ को काफी मशक्कत करने के बाद ग्रामीण एवं वन विभाग की टीम के सहयोग से पकड़ लिया गया है।

# मानव-बाघ संघर्ष से लोगों में बढ़ रहा गुस्सा

संवाददाता

**बांकेगंज।** दुधवा टाइगर रिजर्व में मानव-बाघ संघर्ष बड़ी चुनौती बन गई है। वन विभाग तमाम कोशिशों के बावजूद इसका समाधान नहीं निकाल पा रहा है। जंगल से सटे गांवों में रहने वाले लोगों की भी दिक्कतें बढ़ रही हैं। इससे जंगल से सटे इलाकों में रहने वाले लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है। दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन के मैलानी रेंज की ग्रंट नंबर तीन में बुधवार को बासुकपुर गांव आबादी से सटे गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने नरेंद्र पर हमला कर उसे मार डाला। बाघ के हमलों से बचाव और रोकथाम के उपाय न करने पर वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े ग्रामीणों ने युवक का शव नौ घंटे तक खेत से नहीं उठाने दिया। 12 सितंबर को भीरा रेंज की पल्हनापुर गांव निवासी जोखे को हमला कर बाघ ने मार डाला। 30 सितंबर को ग्रंट नंबर तीन में ही रोजी-रोटी कमाने निकले राममिलन पर हमला कर बाघ ने मार डाला। 17 अक्टूबर को निघासन-बेलरायां रेंज के गांव मझरा पूरब में खेत पर चारा लेने गए रामदुलारे की बाघ हमले में मौत हो गई। 7 अक्तूबर को इसी रेंज के कठहुआ गांव में पशुओं के लिए चारा लेने गए ग्रामीण सुकई भार्गव पर बाघ ने हमला कर उसे मार दिया। एक साल के अंदर बाघ हमल में करीब 12 लोग अपनी जान गवां चुके हैं।

**खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं लोग**

जंगल के आसपास बसे लोग खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। बाघ हमले के डर से लोग खेतों की ओर जाने से डर रहे हैं। जिससे उनकी खेती-बाड़ी चौपट हो रही है। बाघ जंगल से निकलकर इंसानी बस्तियों में घुसपैठ कर रहे हैं। इससे टकराव की स्थिति बढ़ रही है। विशेषज्ञों की मानें तो एक बाघ 15 से 20 वर्ग किलोमीटर में अपनी टेरीटरी बनाता है। दुधवा टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 2200 वर्ग किलोमीटर है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा विरल जंगल है।

जहां बाघ अपनी टेरीटरी नहीं बना सकते, इसलिए उन्हें गन्ने के खेतों में

# अब तक महज पांच प्रतिशत धान खरीद दो केंद्रों का नहीं खुला खाता

संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** धान खरीद शुरू हुए डेढ़ महीने का समय हो चुका है लेकिन सरकारी खरीद केंद्र अब तक सिर्फ 1738 किसानों से 13017 मीट्रिक टन धान खरीद पाए हैं। जो लक्ष्य का महज पांच फीसदी है। जिले में कम धान खरीद को लेकर अधिकारी भी संजीदा नहीं हैं। दो सरकारी धान खरीद केंद्रों पर अभी तक बोहनी भी नहीं हुई है। जिले में एक अक्तूबर से धान खरीद होनी थी लेकिन शुरुआती दो दिन छुट्टी पड़ने के कारण तीन से खरीद शुरू हो पाई। अक्तूबर के पहले पखवाड़े में क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। महीने के अंतिम दिनों में क्रेंद्रों पर खरीद शुरू हुई। धान का स्टाक मंडी में ही लगाया गया। मंडी में धान की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे तो अधिकारी भी नींद से जागे। धान को राइस मिल तक ले जाने के लिए ठेकेदारों ने ट्रकों में जीपीएस लगाने का विरोध जताया था। ठेकेदारों का कहना था कि केंद्रों पर धान खरीद हो नहीं रही है, मंडी में ट्रक पहुंचने के बाद उन्हें आर्थिक नुकसान होगा। हालांकि अधिकारियों की सख्ती के बाद ठेकेदारों ने ट्रकों में जीपीएस लगाने की बात मानी और धान का कुछ स्टाक राइस मिलों तक पहुंचाया गया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, अभी तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा ट्रकों में जीपीएस लगाया जा चुका है। जिले की करीब 44 राइस मिलों पर धान का स्टाक किया जाता है। जिले में अभी तक 1738 किसानों से 13017 मीट्रिक टन खरीद ही हुई है जो कि लक्ष्य से काफी कम है।

**जिले को मिला है 2.50 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य**

जिले को इस बार 2.50 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य मिला है। डेढ़ महीने से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद अब तक महज लक्ष्य का पांच प्रतिशत खरीद ही हो सकी है। अभी तक 13017 मीट्रिक टन की ही खरीद हो सकी है। खरीद न बढ़ने को लेकर खाद्य तथा रसद मंत्री सतीश कुमार शर्मा ने गहरी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह किसानों से वार्ता कर उन्हें क्रय केंद्रों पर ही धान तुलवाने के लिए जागरूक करें। साथ ही जो ठेकेदार जीपीएस का विरोध करता है, उसके खिलाफ एक से दो दिन के अंदर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**गोला में दस हजार क्विंटल धान की खरीद**

गोला तहसील की मंडी समिति सहित अन्य जगहों पर बनाए गए कुल 45 धान खरीद केंद्रों पर अब तक दस हजार क्विंटल धान की खरीद हो सकी है। खाद्य विपणन अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि लगातार किसानों को जागरूक किया जा रहा है। किसान अपनी फसल क्रय केंद्रों पर ही तुलवाएं। किसी भी दशा में बिचौलिए के चक्कर में न पड़े। कहा कि 180 किसानों से 10,000 क्विंटल धान खरीदा गया है। जिले के दो सरकारी क्रय केंद्रों जिनमें एक पीएसफ व एक पीसीयू के केंद्र पर एक भी दाना धान का नहीं खरीदा जा सका है। लगातार किसानों से संपर्क किया जा रहा है। किसान ज्यादा से ज्यादा केंद्रों पर पहुंचे, इसको लेकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं।
**संतोष पटेल, डिप्टी आरएमओ**

# धरती का चक्कर लगाने जितनी यात्रा...लगातार 10 जीत

## देखें टीम इंडिया का इस विश्व कप में अब तक का सफर

ऑस्ट्रेलिया की टीम के इस विश्व कप में शुरुआती दो मैच बेहद निराशाजनक रहे थे। टीम को पहले भारत और फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार आठ मैच जीते हैं। पहली बार पूरी तरह भारत की मेजबानी मे खेले जा रहा विश्व कप 2023 अपने अंजाम तक पहुंचने वाला है। 19 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल खेला जाएगा। इस मैच को लेकर फैंस में काफी उत्सुकता है। टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से और ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराया था। 44 दिन पहले शुरू हुए इस टूर्नामेंट में अब तक 47 बेहतरीन और रोमांचक मैच खेले जा चुके हैं। यह टूर्नामेंट देश के 10 मैदानों पर खेले गया। जहां भारत ने सबसे ज्यादा नौ वेन्यू पर मैच खेले और सिर्फ हैदराबाद में कोई मुकाबला नहीं खेला। ऑस्ट्रेलिया ने आठ वेन्यू पर मैच खेले।

**भारतीय टीम का ट्रैवल चार्ट (इसमें वॉर्म अप मैच के डेटा को नहीं जोड़ा गया)**

भारतीय खिलाड़ियों ने इस पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा यात्रा की। आठ अक्तूबर को चेन्नई के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच से अहमदाबाद में फाइनल तक टीम इंडिया करीब 13,535 किलोमीटर की यात्रा कर चुकी है। पृथ्वी का व्यास 12,742 किलोमीटर है। यानी भारतीय टीम ने इस विश्व कप में पृथ्वी के एक चक्कर लगाने से ज्यादा यात्रा कर ली है। अहमदाबाद में फाइनल के लिए पहुंचने तक भारत ने कुल 11,029 किलोमीटर की यात्रा की। वहीं, इसमें अगर वॉर्म अप मैचों की यात्रा को भी शामिल कर लें यानी भारत ने दो वॉर्म अप मैच के लिए गुवाहाटी से तिरुवनंतपुरम की यात्रा की थी, जिसकी दूरी 2506 किलोमीटर है।

**विश्व कप 2023 में भारतीय टीम का प्रदर्शन**

इसे जोड़कर भारतीय टीम ने 13,535 किलोमीटर की यात्रा की। इसके बावजूद भारतीय टीम किसी मैच में कमजोर या थकी हुई नहीं




दिखी और विश्व कप जीतने का जज्बा उनमें कूट-कूटकर भरा हुआ दिखा। भारतीय टीम ने पिछले 44 दिन में इतनी यात्रा के बावजूद लगातार 10 मैच जीते हैं। इस दौरान टीम इंडिया ने लीग राउंड में ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड को शिकस्त दी। वहीं, सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में 70 रन से हराया और चौथी बार फाइनल में जगह बनाई।

**ऑस्ट्रेलिया टीम का इस विश्व कप में प्रदर्शन**

वहीं, ऑस्ट्रेलिया की टीम के इस विश्व कप में शुरुआती दो मैच बेहद निराशाजनक रहे थे। टीम को पहले भारत और फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार आठ मैच जीते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने लीग राउंड में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, अफगानिस्तान और बांग्लादेश को शिकस्त दी। इसके बाद सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम का इस विश्व कप में प्रदर्शन**

भारत की तरह ऑस्ट्रेलिया ने भी अपने विश्व कप 2023 सफर की शुरुआत चेन्नई से की थी। इस दौरान टीम ने फाइनल के लिए अहमदाबाद पहुंचने तक कुल 10,099 किलोमीटर की यात्रा की। भारत ने जहां नौ वेन्यू पर नौ लीग मैच खेले, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने आठ वेन्यू पर नौ लीग मैच खेले। ऑस्ट्रेलिया को वॉर्म अप मैच के लिए हैदराबाद से तिरुवनंतपुरम की यात्रा करनी पड़ी थी। उसे मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने कुल 11,105 किलोमीटर की यात्रा की। टीम को इतनी यात्रा की वजह से कुछ फिटनेस के मामले भी सामने आए थे। मैक्सवेल भी अनफिट हुए थे, वहीं कुछ खिलाड़ियों को अत्यधिक गर्मी की मार झेलनी पड़ी थी। हालांकि, इन सबके बावजूद कंगारू टीम फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही।

विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के मैच

**इस तरह फाइनल में पहुंचे भारत-ऑस्ट्रेलिया**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 20 साल बाद विश्व कप का फाइनल होगा। पिछली बार टीम इंडिया 2003 में सौरव गांगुली की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका जोहानिसबर्ग में हार गई थी। रोहित शर्मा की सेना इस बार उस हार का बदला लेने उतरेगी। भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार (15 नवंबर) को टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया था। वह 12 साल बाद फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियन बनी थी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार (16 नवंबर) को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हरा दिया।

**भारत चौथी बार फाइनल में खेलेगा**

भारत चौथी बार विश्व कप के फाइनल में पहुंचा है। 1983 में कपिल देव की कप्तानी में वेस्टइंडीज को हराकर पहली बार खिताब जीता था। 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। तब सौरव गांगुली कप्तान थे। इसके आठ साल बाद 2011 में जब भारत फाइनल में पहुंचा तो उसने श्रीलंका को हराकर दूसरी बार खिताब जीत लिया। दूसरी ओर, कंगारू टीम आठ साल के बाद विश्व कप का फाइनल खेलेगी। वह 1987, 1999, 2003, 2007 और 2015 में चैंपियन बनी थी। ऑस्ट्रेलिया को 1975 और 1996 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। उसे पिछली बार 2019 में इंग्लैंड ने सेमीफाइनल में बाहर कर दिया था।

| मैच. | ऑस्ट्रेलिया का स्कोर. | विपक्षी टीम का स्कोर. | जीत का अंतर. |
|---|---|---|---|
| पहला | 199 | 201/4 (IND) | 6 विकेट (IND) |
| दूसरा | 177 | 311/7 (SA) | 134 रन (SA) |
| तीसरा | 215/5 | 209 (SL) | 5 विकेट |
| चौथा | 367/9 | 305 (PAK) | 62 रन |
| पांचवां | 399/8 | 90 (NED) | 309 रन |
| छठा | 388 | 383/9 (NZ) | 5 रन |
| सातवां | 286 | 253 (ENG) | 33 रन |
| आठवां | 293/7 | 291/5 (AFG) | 3 विकेट |
| नौवां | 307/2 | 306/8 (BAN) | 8 विकेट |
| 10वां | 215/7 | 212 (SA) | 3 विकेट |

# भारत के दुश्मन रिचर्ड केटलब्रो फाइनल में होंगे अंपायर, फैंस में छाई मायूसी; जानें कारण

केटलब्रो और इलिंगवर्थ दोनों ने 2019 में भारत बनाम न्यूजीलैंड सेमीफाइनल मुकाबले में अंपायरिंग की थी। उस मैच में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था। इलिंगवर्थ 15 नवंबर को मुंबई में सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत के दौरान ऑन-फील्ड अंपायरों में से एक थे। आईसीसी ने विश्व कप फाइनल के लिए अंपायरों की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड के रिचर्ड केटलब्रो और रिचर्ड इलिंगवर्थ मैदानी अंपायर होंगे। जोएल विल्सन को थर्ड अंपायर बनाया गया है। जिम्बाब्वे के एंडी पाइक्रॉफ्ट मैच रेफरी होंगे। वहीं, क्रिस गैफनी चौथे अंपायर की भूमिका में होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप का फाइनल रविवार (19 नवंबर) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। केटलब्रो और इलिंगवर्थ दोनों ने 2019 में भारत बनाम न्यूजीलैंड सेमीफाइनल





मुकाबले में अंपायरिंग की थी। उस मैच में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था। इलिंगवर्थ 15 नवंबर को मुंबई में सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत के दौरान ऑन-फील्ड अंपायरों में से एक थे। केटलब्रो ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच सेमीफाइनल में भारत के नितिन मेनन के साथ अंपायरिंग की थी।

**दूसरी बार विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगे केटलब्रो**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले सेमीफाइनल मैच में जोएल विल्सन तीसरे अंपायर थे और एंडी पाइक्रॉफ्ट मैच रेफरी थे। इलिंगवर्थ 1992 विश्व कप में उपविजेता रही इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे। केटलब्रो ने 2015 में मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल में भी अंपायरिंग की थी। उन्होंने इस विश्व कप में श्रीलंका बनाम नीदरलैंड खेल के दौरान अपने 100वें वनडे मैच में अंपायरिंग की थी। वह दूसरी बार विश्व कप फाइनल में अंपायरिंग करेंगे।

**केटलब्रो के अंपायर रहते भारत का प्रदर्शन**

रिचर्ड केटलब्रो के अंपायर रहते भारत का प्रदर्शन आईसीसी टूर्नामेंट में काफी खराब रहा है। रिचर्ड केटलब्रो के अंपायर रहते भारत 2014 टी20 विश्व कप, 2015 वनडे विश्व कप और 2016 टी20 विश्व कप में मैच हारा था। 2017 चैंपियंस ट्रॉफी, 2019 वनडे विश्व कप और 2023 टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी केटलब्रो के रहते भारतीय टीम हारी थी। हालांकि, इस बार विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के खिलाफ भारत के मैच में मैदानी अंपायर थे। दोनों मुकाबलों में टीम इंडिया को जीत मिली थी।

# परेशान हूं..., स्विंग के किंग वसीम अकरम ने टॉस विवाद पर सिकंदर बख्त को लगाई लताड़

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सिकंदर बख्त ने भारत के खिलाफ मैच के दौरान सिक्का उछलने को लेकर एक अजीबोगरीब दावा करके नया विवाद खड़ा कर दिया है। हालांकि, वसीम अकरम, मोईन खान और शोएब मलिक ने सिकंदर को करारा जवाब दिया है। भारत ने विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बना ली है। टीम इंडिया लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है और अब तक अजेय रही है। उसने इस विश्व कप में अब तक अपने सभी 10 मैच जीते हैं। भारत की यह कामयाबी पाकिस्तान को रास नहीं आ रही है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स लगातार गलत बयानबाजी कर रहे हैं और बेतुके आरोप लगा रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा के गेंद बदलने और पिच बदलने के आरोप के बाद पाकिस्तान के ही सिकंदर बख्त ने रोहित शर्मा के टॉस करने के तरीके पर सवाल उठाए थे। इसके लिए उन्हें सोशल मीडिया पर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। अब पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर वसीम अकरम ने एक बार से इन बयानबाजी की आलोचना की है और सिकंदर बख्त पर निशाना




साधा। इससे पहले उन्होंने गेंद बदलने के विवाद पर भी निशाना साधा था।

**सिकंदर बख्त ने क्या कहा था?**

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर सिकंदर बख्त ने भारत के खिलाफ मैच के दौरान सिक्का उछलने को लेकर एक अजीबोगरीब दावा करके नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर क्रिकेट पंडित के रूप में बैठे सिकंदर बख्त ने सुझाव दिया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस जीतने के लिए जानबूझकर सिक्का दूर फेंक रहे हैं। सिकंदर ने कहा- शरारत कर सकता हूं! मैं एक सवाल कर रहा हूं अगर हम दिखा सकें टॉस के वक्त का वीडियो। रोहित शर्मा जब टॉस करते हैं तो सिक्के को दूर फेंकते हैं और दूसरा कप्तान जाकर कभी नहीं देखता कि उसने सही कॉल किया या नहीं। सिक्का किस तरफ गिरा है या किसके पक्ष में है?

**वसीम अकरम ने क्या जवाब दिया?**

हालांकि, पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने विवाद को खत्म करते हुए सिकंदर के इस शर्मनाक दावे के लिए बख्त की आलोचना की। उन्होंने कहा, %कौन तय करता है कि सिक्का कहां गिरना चाहिए? मैट सिर्फ स्पॉन्सिरशिप के लिए है! मुझे ऐसे बयान सुनकर शर्मिंदगी महसूस होती है। मैं तो अब इस पर... मैं इस पर टिप्पणी भी नहीं करना चाहता।% पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोइन खान और शोएब मलिक ने भी अकरम की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा, %सिकंदर गलत हैं, बस हंगामा मचा रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मोइन ने कहा, %हर कप्तान का सिक्का उछालने का तरीका अलग होता है। वहीं, निराश शोएब मलिक ने कहा, %इस पर चर्चा भी नहीं होनी चाहिए।


**टॉस के रेफरी समेत कई लोग रहते हैं**

सबसे बड़ी बात उस न्यूज चैनल ने इस बेबुनियाद आरोप को साबित करने के लिए एक पूरा पैकेज तैयार किया, जिसमें रोहित के विश्व कप में हर टॉस के वीडियो को दिखाया गया है। पाकिस्तान के ये क्रिकेट पंडित शायद भूल गए कि वह यह आरोप लगाकर मैच रेफरी पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पाकिस्तान की हालत %खिसायानी बिल्ला खंभा नोचे% जैसी हो रखी है। टॉस के वक्त वहां न सिर्फ मैच रेफरी बल्कि क्वाइन रिप्रेजेंटेटिव भी मौजूद रहता है। साथ ही कमेंटेटर भी होता है। यह जरूरी नहीं कि कमेंटेटर भारत का हो, पाकिस्तान के रमीज राजा और वकार यूनुस भी मौजूद थे। वहीं, अन्य देशों के कमेंटेटर भी इस टूर्नामेंट में आए हैं। सबसे शर्मनाक बात तो यहा है कि सिकंदर ने इसका वीडियो खुद ही शेयर किया है।

**पाकिस्तान की ओर से लगातार विवादित बयान**

विश्व कप शुरू होने के बाद से पाकिस्तान के क्रिकेट दिग्गजों द्वारा कई ऐसे दावे किए गए जो कि बेतुके और बेबुनियाद थे। हसन रजा ने कहा था कि आईसीसी और बीसीसीआई दूसरी टीमों को अलग गेंद और भारतीय गेंदबाजों को अलग गेंद दे रही है जिससे उन्हें सीम और स्विंग मिल रही है।

# डिज़्नी+ हॉटस्टार पर 15 दिसंबर 2023 को रिलीज होंगे ‘द फ्रीलांसर~ द कॉन्क्लूजन’ के सारे एपिसोड्स




**मुंबई।** अपने करीब आ रही मौत से आलिया कैसे बचेगी? आखिरकार इंतजार खत्म हुआ, क्योंकि डिज़्नी+ हॉटस्टार पर द फ्रीलांसर~ द कॉन्क्लूजन के सारे एपिसोड्स 15 दिसंबर, 2023 से स्ट्रीम होंगे। दर्शकों को काफी रोमांचित करने वाले, पहले 4 एपिसोड्स (जो 1 सितंबर को रिलीज हुए थे) की सफलता के बाद बचाव के इस दमदार मिशन में आलिया के जबर्दस्त सफर के आखिरी पड़ाव होंगे। अ टिकट टू सीरिया बाय शिरीष थोराट किताब पर आधारित द फ्रीलांसर~द कॉन्क्लूजन के क्रिएटर एवं शोरनर हैं नीरज पांडे, इसे भाव धूलिया ने निर्देशित किया है। इसकी निर्माता हैं शीतल भाटिया और फ्राइडे स्टोरीटेलर्स और इसमें मोहित रैना, अनुभवी एक्टर अनुपम खेर और बेहद प्रतिभावान कश्मीरा परदेशी की मुख्य भूमिकाएं हैं। इस सीरीज को दर्शकों से खूब तारीफ मिली है और इसमें सुशांत सिंह, जॉन कोक्केन, गौरी बालाजी, नवनीत मलिक, मंजरी फडणीस, सारा जेन डियास आदि जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अभिनय किया है। इस सीरीज के बारे में बात करते हुए, निर्माता शीतल भाटिया ने कहा, ÷यह जानना बेहतरीन है कि ‘द फ्रीलांसर’ के पहले 4 एपिसोड्स को उनके पैमाने और परफॉर्मेंसेस के लिये दर्शकों से इतनी तारीफें और प्यार मिला। ‘द फ्रीलांसर~ द कॉन्क्लूजन’ के साथ दर्शक आलिया और अविनाश के उस रोमांचक सफर पर जाएंगे, जिसका खात्मा बड़े ही जबर्दस्त तरीके से होगा! इस सीरीज के बारे में बात करते हुए, अनुपम खेर ने कहा, डॉ. खान हर चीज को बारीकी से समझने

> **इस सीरीज की निर्माता शीतल भाटिया, क्रिएटर एवं शोरनर नीरज पांडे और निर्देशक भाव धूलिया हैं और इसमें मोहित रैना, अनुपम खेर तथा कश्मीरा परदेशी मुख्य भूमिकाएं निभा रहे**

वाला किरदार है और उसकी शख्सियत में कई परतें हैं। यह नीरज पांडे का एक और जबर्दस्त शो है, जिसे दर्शकों ने अपना प्यार दिया और उसे खूब पसंद किया। पहले भाग में दर्शकों ने आलिया का संघर्ष देखा था और ‘द फ्रीलांसर~ द कॉन्क्लूजन’ में दर्शक बचाव का मिशन देखेंगे, जब अविनाश कामथ पूरा जोखिम अपने कंधों पर लेता है और आलिया को बचाने के लिये युद्धक्षेत्र में घुस जाता है। मुझे यकीन है कि इसका धुआंधार ऐक्शन और दिलचस्प सस्पेंस दर्शकों को रोमांच से भर देगा। इस सीरीज के बारे में बात करते हुए, मोहित रैना ने कहा, ‘‘हर एपिसोड के साथ अविनाश कामथ का कैरेक्टर ग्राफ बढ़ता गया है, क्योंकि वह खुद से ही संघर्ष करता है। सीजन 1 को दर्शकों ने बड़ा प्यार दिया और मेरे किरदार को हर किसी ने बहुत पसंद किया था। मैंने पहली बार ऐसा किरदार निभाया था और मुझे खुशी है कि दर्शकों ने उसका पूरा मजा लिया और अब उन्हें बचाव का एक बेहद रोमांचक मिशन देखना है, क्योंकि ‘द फ्रीलांसर~ द कॉन्क्लूजन’ में अविनाश जबर्दस्त ऐक्शन के लिये तैयार है।’’ ‘द फ्रीलांसर~द कॉन्क्लूजन’ में आलिया को बचाने के लिये ‘द फ्रीलांसर’ का मिशन देखिये, सारे एपिसोड्स 15 दिसंबर को सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर उपलब्ध होंगे

# YouTube ने जारी की नई गाइडलाइन, अब हटाए जाएंगे ऐसे वीडियोज




एआई की मदद से हर रोज लाखों-करोड़ों फर्जी कंटेंट तैयार किए जा रहे हैं और इन कंटेंट को सोशल मीडिया और वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा है। अब इसे रोकने के लिए YouTube ने नई गाइडलाइन जारी की है। जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पिछले कुछ वर्षों में काफी लोकप्रिय हुआ है। शुरुआत में यह जितना अच्छा लग रहा था अब उतना ही कड़वा हो गया है। कई मामलों में तो एआई का इस्तेमाल बेहतर है लेकिन इसका इस्तेमाल सबसे ज्यादा गलत कार्यों में हो रहा है। एआई की मदद से हर रोज लाखों-करोड़ों फर्जी कंटेंट तैयार किए जा रहे हैं और इन कंटेंट को सोशल मीडिया और वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर शेयर किया जा रहा है। अब इसे रोकने के लिए YouTube ने नई गाइडलाइन जारी की है।

Trending Videos

**एआई कंटेंट के लिए YouTube की नई गाइडलाइन**

YouTube ने कहा है कि अब उसके प्लेटफॉर्म पर एआई कंटेंट के लिए कोई जगह नहीं है यानी यदि आप YouTube पर एआई द्वारा बनाए गए वीडियो, फोटो या कुछ भी शेयर करते हैं तो यूट्यूब ऐसे वीडियो को हटा देगा या फिर लेबल लगा देगा। YouTube के नए अपडेट में कहा गया है कि कंटेंट क्रिएटर्स यदि एआई कंटेंट अपलोड करते हैं तो उन्हें बताना होगा कि यह कंटेंट एआई के जरिए तैयार किया गया है, अन्यथा वीडियो को हटा दिया जाएगा।

YouTube ने ब्लॉग में दी जानकारी

YouTube ने अपने ब्लॉग में इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी है। यूट्यूब ने कहा है कि यदि कोई यूजर कंटेंट देख रहा है तो वह उसे बताएगा कि यह कंटेंट एआई की मदद से तैयार किया गया है। एआई लेबल के लिए डिस्क्रिप्शन में एक ऑप्शन भी मिलेगा। यूट्यूब ने यह भी कहा है कि नई गाइडलाइन का पालन नहीं करने वाले क्रिएटर्स के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। कंटेंट को हटा दिया जाएगा या फिर उस चैनल का मोनेटाइजेशन बंद कर दिया जाएगा।

**YouTube पर बंद हुआ एड ब्लॉकर**

YouTube ने इस महीने की शुरुआत में ही एड ब्लॉकर को अपने प्लेटफॉर्म पर ब्लॉक कर दिया है। YouTube ने कहा है कि यदि कोई एड ब्लॉकर के जरिए एड को ब्लॉक करके वीडियो देखता है तो उसे तीन चेतावनी दी जाएगी और तीन वीडियो देखने के बाद उसके अकाउंट को ब्लॉक कर दिया जाएगा। YouTube एड ब्लॉकर ट्रैकिंग की आड़ में यूजर्स की जासूसी का भी आरोप लगा है।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देश ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त करना है।